# डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS)

इन्दौर (म.प्र.)



# सामाजिक गतिविधियों का सफर

Dr. Ambedkar Yug Seva Samiti

DAYS

LET'S DO SOCIAL WORK WITH UNIQUE IDEAS

सोशल मीडिया संस्करण व अधिक जानकारी के लिए कृपया लिंक पर जाए।

drambedkaryugsevasamiti.com

mdrmcreativity.blogspot.com

dr.ambedkaryugsevasamitidays

murlidharmetange

# डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS)

इन्दौर (म.प्र.)




For More Details Please Visit on

drambedkaryugsevasamiti.com

mdrmcreativity.blogspot.com

dr.ambedkaryugsevasamitidays

murlidharmetange




# अनुक्रमणिका


| | |
|---|---|
| परिचय | |
| सामाजिक गतिविधियां | पेज 1 से 51 |
| अभियान - हर घर, हर दफ्तर डॉ. बी. आर. अम्बेडकर | पेज 52 से 61 |
| ज़रा हटके - एक मुलाकात | पेज 62 से 63 |
| डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के कुछ विचार | पेज 64 |
| प्राप्त सम्मान | पेज 65 से 70 |
| धन्यवाद | पेज 71 |

# परिचय

**डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS)**, इंदौर  म.प्र. एक सामाजिक संगठन है, जिसका गठन अप्रैल 2016 में किया गया । समाजसेवा के क्षेत्र में समिति अपनी एक अलग पहचान रखती है । गठन के समय समिति का नाम "डॉ. अम्बेडकर युवा समिति (DAYS)" रखा गया एवं 14 अप्रैल 2023 में समिति का नाम परिवर्तन करके "डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS)" किया गया ।

**इसका उद्देश्य** अपने अनोखे विचारों द्वारा रचनात्मक रूप और तरीको से शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवा करते हुए लोगो को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी सहित विभिन्न महापुरुषों के जीवन संघर्ष व विचारों तथा भारतीय संविधान के प्रति जागरूक करना है ।

**कार्यशैली -** इंदौर शहर के शासकीय–अर्धशासकीय कार्यालयों में उच्च अधिकारियों को तथा शैक्षणिक संस्थानों सहित सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े सेवाभावी व विशिष्ट व्यक्तियों को समय–समय पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की जाती है । समिति का प्रत्येक सदस्य भारतीय समाज में "S4P" अर्थात (सत्कर्म –समर्पण–सद्भाव–सकारात्मक परिणाम) लाने की दृष्टि से निरंतर सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाते रहने का कार्य करता है । समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान के क्षेत्र में कार्य करने सहित आम व्यक्तियों की समस्याओं को सम्बंधित राजनेता–अधिकारी तथा शासन–प्रशासन तक पहुँचाकर उसके समाधान हेतु तत्पर रहती है ।

"**समाज में मेरी भूमिका**" नामक कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपना योगदान देकर समाज को एक सकारात्मक दिशा देने वाले ज्ञात–अज्ञात सामाजिक कार्यकर्ताओ का साक्षात्कार (इंटरव्यू) लेकर उनके सामाजिक कार्यों के संघर्ष व सफलता की कहानी को लोगो के सामने लाया जाता है द्य ताकि वे अन्य लोगो के लिए प्रेरणा बन सके । सामाजिक स्तर पर इसकी पहल 26 नवम्बर 2019 "संविधान दिवस" को की गई ।

**सम्मान -** लगातार विभिन्न क्षेत्र में समाजसेवा करने के लिए समिति व उसके सदस्यों को समय समय पर अन्य सामाजिक संगठनो द्वारा सम्मानित किया जा चूका है ।


**डॉ. अम्बेडकर ज्ञान ज्योति सम्मान -** 31 मार्च 1990 को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी को मरणोपरांत "भारत रत्न" सम्मान से सम्मानित किया गया था । इसी दिन को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त सम्मान के 33वीं वर्षगांठ पर समिति द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, व महापुरुषों की विचारधारा पर विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में "समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता" के भाव को सर्वोपरि रखते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले समाजसेवियों, विद्यार्थियों व अन्य पदों पर आसीन व्यक्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से 31 मार्च 2023 का "डॉ. अम्बेडकर ज्ञान ज्योति सम्मान" (वार्षिक) की शुरुआत की गई ।

**आशा है आपको सामाजिक गतिविधियों का सफर जरुर पसंद आऐगा।**




**(1) आगाज रैली 09.04.2016**

ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर 14 अप्रैल 2016 डॉ. अम्बेडकर जी की 125 वीं जयंती पर मधुमिलन चौराहा से डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा तक आगाज रैली निकाली गई ।



**(2) दुग्धाभिषेक 14.04.2016**

ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर डॉ. अम्बेडकर जी की 125 वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया ।




**(3) निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर 06.12.2016**

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 60 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि स्वरुप आनंद बुद्ध विहार जुनि इंदौर में निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे 190 लोगो ने आँखों की जांच कराई ।

**(4) अनाथ आश्रम में जन्मदिन मनाया 17.02.2017**



सूर्यदेव नगर स्थित बच्चों के अनाथ आश्रम पर मुरलीधर राहुल मेटांगे ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाया । जिसमे बच्चों को पुलाव और जलेबी खिलाया गया और उनके साथ गेम खेले गए । और अंत में आश्रम की संचालिका लोट मैडम को डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी का छायाचित्र भेंट किया गया । इसके बाद कर्बला की दरगाह शरीफ पर भी लोगो को पुलाव का वितरण किया ।



### (5) डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी का फोटो लगवाया

**28.04.2017** – अप्रेल माह में भीम नगर व बुद्ध नगर इंदौर के युवा सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी की फोटो राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर लगाई गई थी, जिसे स्टेशन मास्टर द्वारा कुछ दिन बाद ही हटाकर अलग रख दिया गया था । इस विषय में जानकारी लगने पर 28.4.2017 को राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर जाकर स्टेशन मास्टर से फोटो हटाने का कारण पुछा गया व इस संबंध में उनसे विस्तार से चर्चा कर सभी की उपस्थिति में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी का फोटो राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर उनके कार्यालय में लगवाया गया और माल्यार्पण किया गया ।



### (6) पौधारोपण

**18.07.2017**

फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना के पांचवें स्मृति दिवस पर रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया । जिसमे 2 हार सिंगार, 1 नीम, 1 बादाम और 1 बिल्वपत्र के पौधे श्रद्धांजलि स्वरूप रोपे गए ।



### (7) 100वां संकल्प शताब्दी दिवस

**23.09.2017**

100 वा संकल्प शताब्दी दिवस गीता भवन स्थित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर मनाया । माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना की गई। इसके बाद डॉ. आंबेडकर द्वारा किए कार्यों की जानकारी समाजजनों को दी।



### (8) सीएसपी साहब से चर्चा एवं मांग

**08.10.2017**

ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा प्रांगण में लगे पंचशील ध्वज के क्षतिग्रस्त होने के कारण का पता लगाने हेतु समाजजन सहित सीएसपी साहब से चर्चा कर प्रतिमा स्थल चौराहे पर लगे केमरो की वीडियो फुटेज देखने की मांग की गई ।

### (9) सीमेंट कांक्रीट व बेस (चबूतरे) का निर्माण 04.11.2017



ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर लगे पंचशील ध्वज के गिरने के बाद ध्वज के बेस (चबूतरे) का निर्माण कार्य काफी समय से लंबित पड़ा था । इस विषय में क्षेत्र के जोन पर जाकर इंजीनियर से चर्चा कर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्माण कार्य अपनी उपस्थिति में पूर्ण कराया ।



**(10) सीमेंट कांक्रीट व बेस (चबूतरे) की व्हाईट सीमेंट से पुताई 14.11.2017**

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर नव निर्मित चबूतरे को व्हाईट सीमेंट से पोता गया ।



**(11) चार फिट ऊँची मोमबत्ती प्रज्वलित की गई 23.09.2017**

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 61वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि स्वरुप 4 फिट ऊँची मोमबत्ती प्रज्वलित की गई । जिसे मशाल से प्रज्जवलित किया गया । इंदौर शहर में पहली बार किसी महापुरुष की प्रतिमा स्थल पर इतनी ऊँची मोमबत्ती प्रज्जवलित की गई ।



**(12) वस्त्र एवं डिवीडि प्लेयर भेंट किया 24.12.2017**

क्रिसमस के अवसर पर मदर टेरेसा आश्रम में वस्त्र एवं डिवीडि प्लेयर भेंट किया गया ।




**(13) निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर 26.12.2017**

बुद्ध नगर इंदौर में भारत निम्बाड़कर जी के नेतृत्व में निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया ।



## (14) माता सावित्रीबाई फूले की 187वीं जयंती 03.01.2018

भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले की 187 वी जयंती पर रजत जयंती स्कूल में शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया ।



## (15) बौद्ध पंचशील ध्वज दिवस का आयोजन 08.01.2018

बौद्ध पंचशील ध्वज दिवस का आयोजन किया गया । डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर पंचशील ध्वज फहराकर इस दिन के महत्व के बारे में बताया गया ।

## (16) अशोक चक्र, भारतीय संविधान की उद्देशिका की प्रतिकृति व भारतीय नागरिको को प्राप्त छह मौलिक अधिकारों की सूचि के निर्माण की मांग 24.01.2018

बौद्ध समाज व डॉ. अम्बेडकर युवा समिति के सदस्यों ने वार्ड क्रमांक 45 के पार्षद व एमआईसी सदस्य तथा अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष श्री सूरज कैरो जी के माध्यम से इन्दौर महापौर श्रीमती मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ जी से महापौर सचिवालय पर मुलाकात की और गीता भवन चौराहा, इन्दौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर भारतीय संविधान की उद्देशिका (प्रस्तावना) की मार्बल से बनी प्रतिकृति के निर्माण तथा भारतीय नागरिको को प्राप्त छः मौलिक अधिकारो को मार्बल शिलालेख पर अंकित कर उसके निर्माण व अशोक चक्र के निर्माण की मांग की । ताकि प्रतिमा स्थल पर आने जाने वाले हर व्यक्ति को भारतीय संविधान की उद्देशिका तथा मौलिक अधिकारो की जानकारी मिल सके । एवं वह जागरूक हो सके ।





## (17) अनाथ एवं दिव्यांग आश्रम में फल एवं कोल्ड्रिंक वितरण

**17.02.2018**

मुरलीधर राहुल मेटांगे द्वारा जन्मदिवस पर अनाथ एवं दिव्यांग आश्रम में फल एवं कोल्ड्रिंक वितरित की गई ।




## (18) अशोक चक्र, भारतीय संविधान की उद्देशिका की प्रतिकृति व भारतीय नागरिको को प्राप्त छह मौलिक अधिकारों की सूचि के मार्बल से निर्मित शिलालेख का अनावरण

**14.04.2018**

24 जनवरी 2018 को की गई मांग को इंदौर नगर निगम द्वारा पूरा करते हुए ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 127 वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2018 को अशोक चक्र के साथ जनजागृति के लिए भारतीय संविधान की उद्देशिका की प्रतिकृति व भारतीय नागरिको को प्राप्त छह मौलिक अधिकारों की सूचि के मार्बल के शिलालेख के निर्माण का अनावरण इंदौर महापौर श्रीमती मालिनी गौड़ जी, बीजेपी अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष श्री सूरज कैरो जी, विधायक महेन्द्र हार्डिया जी व अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

## - सम्मान -






भारतीय संविधान उद्देशिका के शिलालेख के निर्माण की मांग पूरी होने पर अनावरण कार्यक्रम में इन्दौर की महापौर महोदया श्रीमती मालिनी गौड़ जी तथा पार्षद व भाजपा अ.सू.जा प्र.अध्यक्ष श्री सूरज कैरो जी को आभार स्वरुप सम्मानित किया गया। 14 अप्रैल 2018

भारतीय संविधान उद्देशिका के शिलालेख के निर्माण की मांग पूरी होने पर अनावरण कार्यक्रम में इन्दौर की महापौर महोदया श्रीमती मालिनी गौड जी तथा पार्षद व भाजपा अनु.सू.जाति प्रदेश अध्यक्ष श्री सूरज कैरो जी का आभार व्यक्त कर सम्मानित किया गया ।



अनावरण कार्यक्रम में ही भारतीय संविधान उद्देशिका के प्रथम पृष्ठ पर अशोक स्तंभ के सिंह की रचना करने वाले चित्रकार



अनावरण कार्यक्रम 14 अप्रैल 2018 के पश्चात

स्व. पं. श्री दिनानाथ भार्गव जी के सुपुत्र श्री सौमित्र भार्गव जी एवं पुत्रवधु श्रीमती सापेक्षी भार्गव जी को भी सम्मानित किया गया।

## (19) वार्ड 61 पागनिसपागा, इंदौर स्थित बाल निकेतन संघ स्कूल प्रांगण में पेड़ो की डंगालो को कटवाया व पत्तो को छटवाया गया

### 11.07.2018

वार्ड 61 पागनिसपागा, इंदौर स्थित बाल निकेतन संघ स्कूल प्रांगण में पेड़ो की डंगाले कई ज्यादा बड़ जाने से गिरने का खतरा था । स्कूल द्वारा जानकारी दिए जाने पर क्षेत्र के पार्षद अभय वर्मा जी के माध्यम से डंगालो को कटवाया व पत्तो को छटवाया गया ।





## (20) राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया गया

### 22.07.2018

ए.बी. रोड, इन्दौर स्थित डॉ.बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर तिरंगा दिवस के अवसर पर समिति द्वारा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया ।

22 जुलाई 1947 को स्वतंत्रता से पूर्व तिरंगा ध्वज को भारतीय संविधान सभा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था ।



## (21) परिचर्चा 22.07.2018

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के पौत्र व पूर्व सांसद आदरणीय प्रकाश अम्बेडकर जी द्वारा इंदौर में निकाली जाने वाली संविधान बचाओ देश बचाओ सभा को लेकर बुद्ध जगत साप्ताहिक पेपर द्वारा परिचर्चा रखी गई । जिसमे अपने विचार रखने का मौका मिला ।

## (22) एक फिट ऊँची मोमबत्ती प्रज्वलित कर संविधान स्मारक को नमन किया 15.08.2018



72वें स्वतंत्रता दिवस पर ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर एक फिट की मोमबत्ती जलाकर संविधान स्मारक को नमन किया गया । पिछले दिनों संविधान विरोधियो द्वारा संविधान की प्रती जलाने के कृत्य के खिलाफ विरोध प्रकट करने हेतु मोमबत्ती जलाई गई ।

## (23) मोहर्रम 15.09.2018

मेहर्रम के अवसर पर इन्दौर में हजरत आका इमाम हुसैन की याद में निकलने वाले ताजियो में शामिल होने का मौका मिला । वक्फ करबला मैदान इन्तेजामिया कमेटी, इन्दौर के मंच से ताजियो और अखाड़ो का इस्तकबाल (स्वागत) किया । इस मौके पर भारत के राष्ट्रपति माननीय रामनाथ कोविन्द जी के गुना (मध्यप्रदेश) से आये उनके भतीजे किरण भारती जी एवं कोरी–कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री निर्मल मलोरिया जी से मंच पर मुलाकात हुई ।



## (24) प्रकाश अम्बेडकर जी को सामाजिक गतिविधियों की फाइल दिखाई 28.10.2018




डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के पौत्र व पूर्व सांसद माननीय प्रकाश अम्बेडकर जी (बाळा साहब) ने इंदौर में संविधान बचाओ देश बचाओ जनसभा को संबोधित किया । इस दौरान होटल अपना पैलेस पर समिति के साथियो ने बाळा साहब से मुलाकात कर उन्हे समिति की सामाजिक गतिविधियों की फाईल दिखाई जिसे उन्होंने सहजता से देखते हुए कार्यो सराहा । इस दौरान समिति द्वारा उन्हें सम्मान पत्र भी भेंट किया गया ।

**(26) ''डॉ. अम्बेडकर और भारतीय संविधान'' विषय पर व्याख्यान – 16.11.2018**



ब्राईट हा. से. स्कूल में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) के कुलपति आदरणीय सी.डी. नाईक जी ने छात्रों को **डॉ. अम्बेडकर और भारतीय संविधान** विषय पर व्याख्यान दिया । इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य श्री आशीष वर्मा जी को प्रशंसा पत्र व कुलपति महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, टीचर व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा ।



**(26) भारतीय संविधान दिवस 26.11.2018**

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा और भारतीय संविधान स्मारक पर माल्यार्पण कर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया ।

**(27) भारतीय संविधान दिवस पर ''डॉ. अम्बेडकर और भारतीय संविधान'' विषय पर व्याख्यान – 26.11.2018**



भारतीय संविधान दिवस के अवसर **डॉ. अम्बेडकर और भारतीय संविधान** विषय पर शासकीय नूतन हा. से. स्कूल पर अनिल इंगले, ईश्वर तायड़े, लोकेश इन्द्रे, मुरलीधर राहुल मेटांगे (सर) द्वारा व्याख्यान दिया गया । इस अवसर नूतन स्कूल के प्राचार्य श्री मनोज खोपकर जी को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी का छायाचित्र भेंट किया । इस अवसर पर स्कूल में छात्रों को गुलाब जामुन का भी वितरण किया गया । तथा सभी को संविधान दिवस की बधाई दी गई ।

## (28) श्रध्दांजली स्वरुप पौधारोपण 06.12.2018

डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 61वें महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी जन्मभूमि पर उनके अस्थिकलश को नमन कर जन्मभूमि स्मारक पर श्रद्धांजली स्वरुप पौधारोपण किया गया । जिसमे अलग–अलग प्रकार के पांच पौधे लगाए गए





## (29) भारतीय संविधान उद्देशिका की पट्टिका का अनावरण 26.01.2019

70 वें भारतीय गणतंत्र दिवस पर डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की जन्मभूमि पर समिति द्वारा डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि मेमोरियल सोसायटी को भारतीय संविधान उद्देशिका की पट्टिका भेंट की गई । जिसका अनावरण सोसायटी के सचिव मोहन वाकोड़े जी ने किया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर तायड़े, भीमा सरदार, योगेंद्र गवांदे, सुमित गुरुचल, भारत निम्बाडकर उपस्थित थे ।

## (30) सांकेतिक बोर्ड का लोकार्पण एवं शरबत वितरण 14.04.2019




डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 128 वीं जयंती पर ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा और भारतीय संविधान स्मारक स्थल पर डॉ. बाबा साहब के नाम का सांकेतिक बोर्ड लगाया गया व 130 लीटर शरबत वितरित किया गया ।

## (31) करियर मार्गदर्शन एवं विद्यार्थी रत्न अवार्ड समारोह 11.06.2019



डॉ. अम्बेडकर युवा समिति के सतत सामाजिक कार्यो की कड़ी में बौध्द समाज के विद्यार्थी जो वर्ष 2018–2019 में कक्षा 10वीं और 12वीं की परिक्षा में उत्तीर्ण हुए उनके सुनहरे भविष्य के लिए **करियर मार्गदर्शन और विद्यार्थी रत्न अवार्ड समारोह** का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथी शिक्षाविद रमेश मंगल, विशेष अतिथि पूर्व उप महाधिवक्ता श्री पुष्यमित्र भार्गव, शासकीय नूतन स्कूल के प्राचार्य श्री मनोज खोपकर इंग्लिश टीचर व मोटिवेशनल स्पीकर श्री परीक्षित श्रीवास्तव, न्यू डेल्ही हा.से. स्कूल के प्राचार्य श्री विष्णु विराट, व आईटी से संबंधित पीएंडपी इंफोटेक के संचालक श्री पुनित वाधवानी ने विद्यार्थीयों के सुनहरे करियर के लिए विषय के चुनाव में कॉमर्स, साईंस, लॉ, आईटी के अलग–अलग क्षेत्र और शासकीय नौकरी सें संबंधित परिक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया । कार्यक्रम में समाज के प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले **30 विद्यार्थियों** को विद्यार्थी रत्न अवार्ड से उनके माता–पिता के साथ सम्मानित किया गया ।

## (32) विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन 17.09.2019





फेसबुक पर डॉ. अम्बेडकर जी व आरक्षण से सम्बंधित अभद्र पोस्ट करने वाले शख्स पर कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर राजेंद्र नगर थाना, इंदौर पर विरोध प्रदर्शन कर डॉ. अम्बेडकर युवा समिति, भारिप, भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा थाना प्रभारी श्री सुनील शुक्ला जी को ज्ञापन दिया गया ।



## (33) प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों की समस्याओं पर गृह एवं जेल मंत्री को ज्ञापन दिया

**02.10.2019**

महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयंती पर इंदौर कांग्रेस कार्यालय पर मध्यप्रदेश शासन के गृह एवं जेल मंत्री माननीय बाला बच्चन जी को प्रदेश की जेलों मे बंद कैदियों को मानवाधिकार के तहत उचित मात्रा मे स्वच्छ नाश्ता व भोजन, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं उचित सुरक्षा तथा बंदियों के परिजनों द्वारा वैध बाहरी सामान पर लगे प्रतिबन्ध को हटाने के सम्बन्ध मे ज्ञापन दिया ।

## (34) डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर के साथ दो विषयों पर म.प्र. मुख्यमंत्री महोदय के नामें संभागायुक्त महोदय को ज्ञापन सौंपा



**14 अक्टूबर 2019** – 63वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर समिति द्वारा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री महोदय के नामे प्रदेश के सभी शासकीय, अर्ध–शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर अनिवार्य रूप से लगाने एवं सभी स्कूलों में राष्ट्रगान के पश्चात् भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन करने की मांग सम्बन्धी ज्ञापन इंदौर संभागायुक्त कार्यालय पर दिया गया । ज्ञापन के साथ कार्यालय हेतु डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर तहसीलदार विनोद राठौर जी को भेंट की गई ।

अविस्मरणीय पल



## (35) राजरत्न अम्बेडकर जी को सामाजिक गतिविधियों की फाइल दिखाई

23 नवंबर 2019 – समिति की सामाजिक गतिविधियों की फाइल डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के परपौत्र मा. राजरत्न अम्बेडकर जी को दिखाई गई । उन्होने समिति के कार्यो को सराहा ।

## (36) समाज में मेरी भूमिका कार्यक्रम की शुरूआत

26 नवंबर 2019 – संविधान दिवस के अवसर पर साक्षात्कार के माध्यम से इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ताओ व उनके संघर्ष व सफलता की कहानी से सबको परिचित कराने के उद्देश्य से ''समाज में मेरी भूमिका'' कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।








## (37) रक्तदान शिविर

**06** दिसंबर **2019** – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के **63** वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजली स्वरुप रक्तदान शिविर लगाया गया । डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर प्रथम बार किसी संगठन या समाज द्वारा रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई ।




## (38) झोनल कार्यालय के प्रवेश द्वार पर नया बोर्ड लगाया

16 दिसंबर 2019 – इंदौर नगर पालिक निगम के डॉ. भीमराव अम्बेडकर झोनल कार्यालय क्रमांक 9 के प्रवेश द्वार पर नया बोर्ड लगाया गया। व झोनल अधिकारी शांतिलाल यादव जी को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी का छायाचित्र भेंट किया गया।

## (39) विद्यालयों में भारतीय संविधान की उद्देशिका के वाचन के लिए ज्ञापन दिया

21 जनवरी 2020 – शासकीय और निजी विद्यालयों में भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन कराने के सम्बन्ध में इंदौर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक नरेंद्र जैन जी को रिमांडर ज्ञापन दिया।






## (40) भारतीय संविधान की उद्देशिका के वाचन का आदेश जारी होने पर मिठाई वितरण

23 जनवरी 2020 मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश के शा. विद्यालयों में भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन कराने का आदेश जारी करने की खुशी मनाई गई। डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर उद्देशिका का वाचन कर मिठाई वितरित की गई।



## (41) प्रो.जोगेंद्र कवाड़े सर से भेंट

26 जनवरी 2020 – भारतीय संविधान गौरव यात्रा में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे लॉन्ग मार्च के प्रणेता, चिमूर लोकसभा, महाराष्ट्र के पूर्व सांसद, सामाजिक कार्यकर्ता आदरणीय प्रो. जोगेंद्र कवाड़े सर से भेंट की ।

## (42) बच्चो के साथ गणतंत्र दिवस मनाया



26.01.2020 लालबाग में आरक्षक संजय सावरे जी द्वारा संचालित निःशुल्क क्लास में बच्चो के साथ 71 वां गणतंत्र दिवस मनाया । इस मौके पर बच्चो को नाश्ता करवाया गया और उन्हें पेंसिल, रबर वितरित किया गया ।

## (43) वीर शहीदों को श्रध्दांजलि



14 फरवरी 2020 – 14 फरवरी 2019 कों पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए देश के 40 वीर शहीद सैनिकों को तथा उनके बलिदान को याद कर रिंग रोड़ स्थित शहीद पार्क के इंडिया गेट पर 40 मोमबत्ती जलाकर श्रध्दांजलि अर्पित की गई ।

## (44) वृद्धाश्रम में जन्मदिन मनाया





17 फरवरी 2020 - को मुरलीधर राहुल मेटांगे ने अपना जन्मदिन दशरथ सेवाश्रम (वृद्धाश्रम) में बुजुर्गो के साथ मनाया। इस अवसर पर वृद्धजनों को भोजन कराकर केक काटकर आशीर्वाद लिया तथा उन्हें ''दुनिया ख्वाबो की और हकीकत जीवन की'' नामक पुस्तक तथा आश्रम हेतु डॉ. अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की । इस दौरान समिति के भिमा सरदार, भारत निम्बाड़कर, ईश्वर तायड़े, लक्की पिसे, रघुवीर मरमट व परिवार के लोग तथा सहकर्मी भी मौजूद थें ।



"हर दिन नया होता है,
इससे कोई फर्क नही
पड़ता है कि कल कितना
मुश्किल था,
आप हर दिन नई शुरुवात
कर सकते है।"
- तथागत बुध्द



जाती न पूछो साधू की,
पूछ लीजियो ज्ञान

मोल करो तलवार का,
पड़ी रैन दो म्यान

- संत कबीर दास जी

"सत्य को जानना हर
एक चीज से बड़ा है,

और उससे भी बड़ा है
सच्चाई से जीना ।"

- गुरु नानक देव जी



जाति-जाति में जाति है,
जो केतन के पात
रैदास मनुष ना जुड़ सके,
जब तक जाति न जात

संतशिरोमणि गुरु
रविदास जी





"अच्छा काम करने के लिए
बुरे उपाय से
काम नही
लेना चाहिए।"

- महामना ज्योतिबा फुले जी



"एक महान व्यक्ति एक
प्रतिष्ठित व्यक्ति से अलग
होता है क्योंकि वह समाज
का सेवक बनने के लिए
हमेशा तैयार रहता है।"
- डॉ. बाबा साहब
अम्बेडकर जी

## (45) मध्यप्रदेश दलित चेतना मंच के कार्यक्रम में शिरकत

08 मार्च 2020 – मध्यप्रदेश दलित चेतना मंच की इंदौर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। वार्ड क्रं. 61 के पूर्व पार्षद श्री अभय वर्मा जी के मुख्य आतिथ्य मे नवनियुक्त पदाधिकारियों की शपथविधि कार्यक्रम मे बहुजनों के वर्तमान व भविष्य विषय पर




भारतीय समाज के हित मे अपनी बात रखने का मौका मिला ।



डॉ. अम्बेडकर युवा समिति

कोरोना वायरस से बचना और बचाना है, हम सबको यह संयम और संकल्प निभाना है ।

जागरूकता अभियान

**कोरोना वायरस** के कारण विश्व के लोगो मे अशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है । सोशल मीडिया पर भी इसके बचाव एवं अन्य चीजो को लेकर अधिकतर भ्रामक खबरें आ रही हैं । हमें भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचना होगा । ऐसे हालात में हम सबको अनावश्यक घबराना नही है । तथा मानसिक रुप से भी मजबूत रहना है । हमें मिलकर इस वायरस को दूर करने का प्रयास करने की जरुरत है ।

**कोरोना वायरस से बचने के उपाय –**

1. व्यक्तिगत स्वच्छता और शारीरिक दूरी बनाए रखें। किसी से हाथ न मिलाएं ।
2. बार–बार हाथ धोने की आदत डालें। साबुन और पानी से अच्छे से हाथ धोएं या सेनिटाईजर का उपयोग करें ।
3. अपनी कोहनी के अंदरूनी हिस्से में खांसे या छींके, अपने हाथों की हथेलियों में न खासें न छिंके ।
4. अपनी आंख, नाक, मुंह और चेहरे को स्पर्श न करें।
5. खांसने–छींकने वालों से कम से कम 1मीटर (3 फीट) दूर ही रहिये ।
6. बातचीत के दौरान व्यक्तियों से एक सुरक्षित दूरी बनाए रखें, विशेष रूप से फ्लू जैसे लक्षण दिखने वाले व्यक्तियों के साथ ।
7. मुंह पर मास्क पहने । खराब होते ही तुरंत बदले । एवं मास्क इधर–उधर कही भी न फेंके । इसे बंद कूड़ेदान में ही डालें ।
8. अपने तापमान को और श्वसन लक्षणों की जांच नियमित रूप से करें। अस्वस्थ्य महसूस करने पर (बुखार, सांस लेने में कठिनाई और खांसी) डॉक्टर से संपर्क करें । इस दौरान, अपने मुंह और नाक को ढंकने के लिए मास्क का प्रयोग करें।
9. अनावश्यक यात्रा करने से बचें । घर में ही रहे ।
10. सार्वजनिक स्थलों और भीड़–भाड़ भरी जगह पर जाने से बचें । बाहर का खाना–पिना बंद करें ।

**जनता कर्फ्यू का पालन करें –** भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत के नागरिकों से रविवार 22 मार्च 2020 को सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक जनता कर्फ्यू लगाने की अपील की है । प्रधानमंत्री जी की इस अपील का हम सबको पालन करना होगा । क्योंकि यह सावधानी और उपाय स्वयं के साथ–साथ हमारे अपने प्रियजनों व परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद आवश्यक है । साथ ही इस दिन प्रधानमंत्री जी की अपीलानुसार शाम 5 बजे 5 मिनट ताली, थाली या घंटी बजाकर इस खतरे के बीच कार्य करने वाले डॉक्टर्स, नर्स, स्टाफ, पुलिस, सफाईकर्मी इन सभी का हौसला बढ़ाने का दायित्व भी निभाएं । कृपया ध्यान रखे इसे छुट्टी का दिन न समझें । **इस पर्चे की दस या अधिक फोटोकॉपी अपनी स्वेच्छा से वितरित कर आप भी इस जागरुकता अभियान को अपने स्तर पर आगे बढ़ा सकते है ।** — धन्यवाद ।

निवेदक – डॉ. अम्बेडकर युवा समिति, इन्दौर




## (46) कोरोना वायरस से बचाव हेतु इंदौर के पांच चौराहो पर जागरुकता अभियान चलाया गया

21 मार्च 2020 – कोरोना वायरस से बचाव और जनता कर्फ्यू के समर्थन मे समिति के माध्यम से इंदौर के गीता भवन चौराहा, पलासिया चौराहा इंद्रप्रस्थ टावर चौराहा, रिगल तिराहा, मधुमिलन चौराहा पर पैम्प्लेट बांटकर जागरूकता अभियान चलाया गया । अभियान मे भिमा सरदार, भारत निम्बाड़कर, रघुवीर मरमट, लोकेश इन्द्रे शामिल रहे ।

## (47) इंदौर के फुटपाथ पर रहने वाले लोगो को कोरोना वायरस से बचाव के लिए कलेक्टर महोदय को पत्र प्रेषित किया। एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को किश्तो केभुगतान से राहत देने के लिए ट्वीट किया



Tweet

Murlidhar Metange
@MurlidharMetang

@narendramodi @PMOIndia सर कृपया कर इस लॉक डाउन के समय मे भारत की जनता को आगामी 2 माह या देश की स्थिति पूर्णत: सामान्य होने तक किसी भी प्रकार की किसी भी कंपनी की किश्तो के भुगतान की छूट देने की कृपा करें। इससे जनता को थोड़ी राहत मिल जाएगी।

Translate Tweet

5:50 PM · 25 Mar 20 · Twitter for Android



डॉ. अम्बेडकर युवा समिति

दिनांक – 24/03/2020

सेवा में,

श्रीमान जिलाधीश महोदय,
इन्दौर (म.प्र.)


24–25 मार्च 2020 – कोरोना महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन में इंदौर के फुटपाथ पर रहने वाले लोगो को कोरोना वायरस से बचाव तथा उन्हें किसी शेल्टर होम या रैन बसेरे में पहुंचाने के लिए कलेक्टर महोदय को पत्र प्रेषित किया । एवं देश की जनता को किश्तों में राहत देने हेतु भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को ट्वीट कर आग्रह किया ।

## (48) डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 129वीं जयंती पर ऑनलाइन प्रतियोगिता




14 अप्रैल 2020 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 129वीं जयंती के अवसर पर कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में घरो में ही बाबा साहब के समस्त अनुयायियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की । जिसमे चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, फोटो विथ डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि प्रतियोगिता, कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## (49) ऑनलाइन डेकोरेशन प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन बौद्ध धम्म उपदेश




07 मई 2020 – बुद्ध पूर्णिमा (बुद्ध जयंती) के अवसर पर कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में घरो में ही रहते हुए समस्त बौद्ध एवं डॉ. अम्बेडकर जी के अनुयायियों के लिए ऑनलाइन डेकोरेशन प्रतियोगिता एवं ऑनलाइन बौद्ध धम्म उपदेश का आयोजन किया गया ।

## (50) रक्तदान

19–20 मई 2020 – कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान मानवसेवा हेतु भीमा सरदार, शुभम वाकोड़े, शुभम सपकाड़, आकाश उमाड़े ने रक्तदान किया गया ।



## (51) केंद्र सरकार व राज्य सरकारों से अपील/श्रम कानून/बिजली बिल

28 मई 2020 – एक अपील सरकार से..... किसान भाईयो, श्रमिक मजदूर, भाईयो एवं छोटे व्यापारी भाईयो को आर्थिक रूप से सुढ़ करने हेतु आर्थिक मदद दी जाये । एवं आम जनता के बिजली बिल माफ किये जाये । साथ ही श्रम कानून मे किये गए बदलाव को वापस लिया जाये । उद्योग मे उत्पादन बढ़ाने हेतु एक सुझाव..... https://www-facebook-com/muralidhar-metange/videos/3050498788371140/




## (52) दूरदर्शन पर बुद्ध सीरियल या उनसे जुडी कहानियो का प्रसारण करने की मांग


Murlidhar Metange 10:04 AM
to minister.inb, jspna-moib
From Murlidhar Metange • mdrmet2@gmail.com
To minister.inb@gov.in
jspna-moib@gov.in
Date Jun 2, 2020, 10:04 AM
View security details

श्रीमान सुचना एवं प्रसारण मंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली

विषय - तथागत बुद्ध का सीरियल या उनसे जुड़ी कहानियो की सीरीज़ का प्रसारण करने बाबत ।

माननीय महोदय,
विनम्र निवेदन है की जिस प्रकार लॉकडाउन के दौरान सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा नई पीढ़ी को आध्यात्म से जोड़ने तथा मनोरंजन हेतु दूरदर्शन, डीडी भारती व इससे जुड़े अन्य चैनलो पर रामायण, महाभारत, उपनिषद गंगा, श्री कृष्ण, विष्णु पुराण, बुनियाद, शक्तिमान, श्रीमान जी और श्रीमती जी जैसे अन्य कई सीरियल का प्रसारण शुरू किया गया । जिसे लोगो ने बहुत पसंद किया व कर रहे है ।
भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को सम्बोधित करते हुए कहा था की भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिए है, जिन्होंने विश्व को शांति का सन्देश दिया है । नई पीढ़ी सहित सभी लोगो को तथागत बुद्ध के जीवन व उनके द्वारा सर्व जनकल्याण हेतु दिए गए शांति संदेशो व उपदेशो के बारे मे जानकारी मिल सके इस उद्देश्य से सीरियल बुद्ध या उनसे जुड़ी कहानियो पर आधारित सीरीज़ का प्रसारण दूरदर्शन या उससे जुड़े किसी अन्य चैनल पर प्रसारित करने की कृपा करे ।

धन्यवाद

भवदीय
मुरलीधर राहुल मेटांगे



02 जून 2020 – भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर जी को ईमेल भेजकर उनसे दूरदर्शन पर बुद्ध सीरियल या उनसे जुडी कहानियो का प्रसारण शुरू करने की मांग की ।

## (53) कलेक्टर महोदय को ईमेल भेज बरसाती/तिरपाल की दुकानों को खोलने की छूट देने की मांग की

04 जून 2020 – टिन/चद्दर के कच्चे मकानों में रहने वाले लोगो को बारिश से राहत मिले इसके लिए इंदौर कलेक्टर महोदय को ईमेल भेजकर बरसाती/तिरपाल की दुकानों को खोलने की छूट देने की मांग की गई ।


बरसाती/त्रिपाल की दुकानो को भी छूट दी जाए । Add label
Murlidhar Metange 10:31 AM
to dmindore

सेवा मे,
श्रीमान जिलाधीश महोदय
जिला इंदौर, मध्यप्रदेश

विषय - बरसाती / त्रिपाल की दुकाने खोलने की छूट दी जाये ।

माननीय महोदय,
आपके नेतृत्व मे इंदौर जिला प्रशासन ने जिस तरह कोरोना महामारी से लड़ने हेतु तथा जनता को इस महामारी से बचाने हेतु कार्य किये जा रहे है । वें बेहद सराहनीय है । चार चरणों के बाद लॉकडाउन 5 के साथ अनलॉक 1 मे आपके द्वारा जनता को थोड़ी राहत देने हेतु भी प्रयास जारी है । जिसमे आपके आदेश/अनुमति से कुछ दुकाने, व्यापार, व्यवसाय को छूट भी मिली है ।

पिछले तीन दिनों से शहर मे बारिश शुरू हो चुकी है । जिसमे ऐसे लोगो को घर मे छत से बारिश का पानी टपकने व कच्ची दीवार या चद्दर होने से हवा-पानी आने का खतरा या डर भी है । अतः आगे अब यह बारिश का ही मौसम है ।

जिन लोगो के कच्चे या टिन/चद्दर के मकान या झोपड़िया है उन्हें बारिश के पानी से राहत पाने के लिए बरसाती / त्रिपाल ही एक सहारा है । अतः आपसे विनम्र निवेदन है की ऐसे लोगो को राहत देने हेतु सशर्त बरसाती/त्रिपाल की दुकान खोलने की छूट दी जाये । साथ ही इन्हे लगाने हेतु लगने वाले हार्डवेयर की सामग्री की दुकाने भी खोलने की सशर्त छूट दी जाये ।

धन्यवाद

भवदीय
मुरलीधर राहुल मेटांगे
(सामाजिक कार्यकर्ता)



## (54) एक अपील - कोरोना काल में स्कूलों का आगामी सत्र 05.06.2020

05 जून 2020 – कोरोना काल में नर्सरी से 5वीं तक के छोटे बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा सही नहीं है । आगामी सत्र मे उनके लिए स्कूल बंद ही रखे जाए । क्योंकि छोटे बच्चे सोशल डिस्टैन्सिंग का पालन नहीं कर सकते । आगामी शैक्षणिक सत्र मे कक्षा 6जी से 12जी तक वैकल्पिक दिनों के साथ कक्षा मे विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर दो या अधिक ग्रुप बनाकर सोशल डिस्टेंस का ध्यान देते हुए पढ़ाया जाये । चसे कोई भी निजी स्कूल कॉपी–किताब, ड्रेस सहित स्कूल के ही बने महंगे मास्क स्कूल से ही खरीदने का दबाव पालको पर ना डाले ।




Https//www-facebook-com/muralidharmetange/videos/3073209072766778/

## (55) दूरदर्शन चौनल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री को आभार ट्वीट

07 जून 2020 – दूरदर्शन चौनल पर तथागत बुद्ध के उपदेशो व संदेशो से जुडी कथाओं की सीरीज जातक कथाएं शुरू करने हेतु दूरदर्शन चौनल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर जी को ट्वीट के माध्यम से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया ।


Tweet

Murlidhar Metange
@MurlidharMetang

दूरदर्शन पर तथागत बुद्ध से जुड़ी कहानियो की सीरीज़ "Tales of Lamaas #जातक_कथाएं" सीरियल का हर शनिवार और रविवार सुबह 10:30 बजे प्रसारण शुरू करने हेतु @PrakashJavdekar sir @DDNational का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार। कृपया हो सके तो इसे प्रतिदिन प्रसारित करे।

Translate Tweet

3:14 PM · 07 Jun 20 · Twitter for Android

## (56) इंदौर नगर निगमायुक्त महोदया को दिया ज्ञापन



12 जून 2020 – फुटपाथ और गलियों में असावधानी पूर्वक बिकने वाले अप्रमाणिक मास्क पर रोक लगाकर मास्क बेचने व खरीदने वाले लोगो के लिए दिशा निर्देश जारी करने व डिस्पोजेबल मास्क फेंकने के लिए फुटपाथ पर कचरे के डिब्बो की तरह लीटरबीन बॉक्स लगाने की मांग तथा जागरुकता अभियान चलाने की मांग को लेकर इन्दौर नगर निगम आयुक्त महोदया श्रीमती प्रतिभा पाल जी के नीजी सहायक के. एल. शर्मा जी को इन्दौर निगमायुक्त के नाम ज्ञापन दिया । इस दौरान समिति के भिमा सरदार, रघुवीर मरमट, भारत निम्बाड़कर, आशीष भौंसले मौजूद थे

## (57) डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के बंगले ''राजगृह'' पर पत्थर फेंकने वालो पर कानूनी कार्यवाही की मांग

08 जुलाई 2020 – मुंबई में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के बंगले ''राजगृह'' पर असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर फेंककर परिसर में तोड़फोड़ के विरोध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और मुंबई पुलिस कमिश्नर, मुंबई पुलिस को ट्वीट कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई ।


Tweet

Murlidhar Metange
@MurlidharMetang

@CMOMaharashtra @AnilDeshmukhNCP In the premises of 'Rajgriha' home of Dr. BR Ambedkar ji, stones were pelted by unknown persons. And CCTV cameras have also been damaged. You are requested to arrest the culprits involved in this incident and take legal action as soon as possible.

9:24 AM · 08 Jul 20 · Twitter for Android


Tweet

Murlidhar Metange
@MurlidharMetang

@CPMumbaiPolice Sir @MumbaiPolice In the premises of 'Rajgriha' home of Dr. BR Ambedkar ji, stones were pelted by unknown persons. And CCTV cameras have also been damaged. You are requested to arrest the culprits involved in this incident and take legal action as soon as possible

9:26 AM · 08 Jul 20 · Twitter for Android

View Tweet activity



## (58) छात्रा को दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर सम्मानित भी किया

28 जुलाई 2020 विषम परिस्थितियों में फुटपाथ पर रहकर दसवीं कक्षा को प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाली भारती खांडेकर को अपर आयुक्त कृष्णा चैतन्य की उपस्थिति में नगर निगम परिसर में समिति द्वारा दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई । तथा साथ ही भारती को इंदौर नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल महोदया की तस्वीर और डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर और उनके जीवन संघर्ष एवं योगदान पर आधारित किताब देकर सम्मानित भी किया गया । इस दौरान भारती के माता–पिता, भाई और समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे, भीमा सरदार, रघुवीर मरमट, भारत निम्बाड़कर, महेश जाटव, योगेंद्र गवांदे, महेश जाटव, ईश्वर तायड़े, लक्की पिसे, संजय गवांदे, लोकेश इन्द्रे, राकेश बंदावड़े, राजेंद्र डोडले मौजूद थे ।



## (59) कर्तव्य परायण व्यक्तित्व अवार्ड

15 अगस्त 2020 स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में अपने पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने वाली नर्स श्रीमती रजनी राजनौद को ''कर्तव्य परायण व्यक्तित्व अवार्ड'' से सम्मानित किया ।



## (60) कर्तव्य परायण व्यक्तित्व अवार्ड

16 अगस्त 2020 स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में अपने पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने वाले डॉ. शीतांशु दुबे जी को ''कर्तव्य परायण व्यक्तित्व अवार्ड'' से सम्मानित किया ।

## (61) आदर्श शिक्षक अवार्ड



29 अगस्त 2020 – शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षो से भी अधिक समय से लगातार अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर कई छात्रों का जीवन सवारने वाली शासकीय अहिल्या कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती सुनयना शर्मा मैडम को आदर्श शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया ।

## (62) जनजागरूकता के लिए शॉर्ट मूवी "यूज येलो बिन फॉर कोरोना वेस्ट" का निर्माण

15 सितम्बर 2020 – कोरोना वायरस से बचाव में उपयोग किये गए मास्क, सेनिटाइजर, ग्लव्स, कैप, नैपकिन, पीपीई किट आदि के निपटारे के लिए इंदौर नगर निगम द्वारा फुटपाथ व सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे येलो लिटरबिन की आवश्यकता व उपयोगिता पर आधारित शार्ट मूवी "येलो बिन फॉर कोरोना वेस्ट" बनाई गई । https%//bit-ly/2ZVOOKO जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर तायड़े, भारत निम्बाड़कर और भिमराव सरदार ने अभिनय किया ।




## (63) डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक दर्शनार्थ खोलने की मांग





19 अक्टूबर 2020 – समस्त अनुयायियों के लिए दर्शन हेतु डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक खोलने की मांग के संदर्भ मे डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर महोदय श्री अभय बेडेकर जी से मुलाकात कर उनसे चर्चा की तथा उन्हे कोरोना से बचाव के उपायों के साथ डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक समस्त आम लोगो के दर्शन हेतु खोलने की मांग का ज्ञापन दिया ।

## (64) अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई करने के लिए ट्वीट

27 अक्टूबर 2020 –



Tweet

Murlidhar Metange
@MurlidharMetang

@ChouhanShivraj सर @OfficeOfKNath सर, नमस्कार,
निवेदन है की इस उपचुनाव के बाद मप्र मे जिसकी भी सरकार बने वह प्रदेश के नगर निगम विभागों, विद्युत मण्डल विभागों सहित समस्त विभागों मे 15 से 25 वर्षो से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को स्थायी करें । धन्यवाद । 🙏

Translate Tweet

7:55 PM · Oct 27, 2020 · Twitter for Android

## (65) "समाज में मेरी भूमिका" कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत




26 नवंबर 2020 – संविधान दिवस के अवसर पर – साक्षात्कार के माध्यम से इंदौर के सामाजिक कार्यकर्ताओ व उनके संघर्ष व सफलता की कहानी से सबको परिचित करने के उद्देश्य से "समाज में मेरी भूमिका" कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरूआत की गई ।




## (66) रक्तदान शिविर/पुरस्कार वितरण

06 दिसंबर 2020 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 64 वें **महापरिनिर्वाण दिवस** पर उनके प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि स्वरुप रक्तदान शिविर लगाया गया । साथ ही समिति द्वारा डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 127वीं जयंती और बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया ।

## (67) अपर कलेक्टर व डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक के प्रशासक को धन्यवाद पत्र भेंट



26 दिसंबर 2020 – कोविड 19 के कारण तथा सुरक्षा दृष्टि से बंद रखे गए डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक को दिसम्बर माह से सभी अनुयायियों के लिए दर्शन हेतु खोले जाने पर इन्दौर जिला प्रशासन के अपर कलेक्टर व जन्मभूमि स्मारक के प्रशासक मा. अभय बेड़ेकर जी को डॉ. अम्बेडकर युवा समिति द्वारा सम्मानित कर धन्यवाद पत्र भेंट किया गया । इसके पूर्व समिति द्वारा अक्टूबर माह में मा. अभय बेड़ेकर जी को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी की जन्मभूमि स्मारक को सभी अनुयायियों के लिए दर्शन हेतु खोला जाए ।

## (68) बौद्ध धम्म ध्वज दिवस मनाया गया



8 जनवरी 2021 को बौद्ध धम्म ध्वज दिवस के अवसर पर गीता भवन, ए.बी. रोड़ चौराहा स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर बौद्ध धम्म ध्वज (पंचशील ध्वज) फहराकर बौद्ध धम्म ध्वज दिवस मनाया गया । बौध्द धम्म ध्वज के निर्माण व इसके पांच कलरों बारे में जानकारी दी गई ।

## (69) दो विषयो पर निगमायुक्त महोदया के नामे ज्ञापन दिया



30.01.2021 – **1)** नगर निगम के कुछ कर्मचारियों द्वारा इंदौर के फुटपाथो से गरीब बुजुर्गो व महिलाओं को उठाकर अमानवीय तरीके से गाड़ी में भरकर क्षिप्रा ले जाकर छोड़ने जाने जैसे निंदनीय कृत्य का विरोध करते हुए डॉ. अम्बेडकर युवा समिति ने फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को सम्मान पूर्वक रैन बसेरे पहुंचाने व इस प्रकार की अप्रिय घटना दोबारा ना घटे एवं..... **(शेष पेज 23 पर)**.....

### दो विषयो पर निगमायुक्त महोदया के नामे ज्ञापन दिया गया

..... ऐसे किसी कृत्य से शहर की साख खराब ना हो । इस सम्बन्ध में निगम आयुक्त के नाम अपर आयुक्त कृष्णा चैतन्य जी को ज्ञापन सौंपा ।

2) डॉ. अम्बेडकर युवा समिति और मध्यप्रदेश दलित चेतना मंच ने संयुक्त रूप से एक ज्ञापन डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर राष्ट्रीय त्यौहारों 26 जनवरी, 15 अगस्त एवं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी से जुड़े मुख्य दिवस 14 अप्रैल, 14 अक्टूबर, 06 दिसंबर पर उचित विद्युत साज सज्जा करने और उक्त मौको पर सीढ़ी लगाने के सम्बन्ध में भी ज्ञापन सौंपा । **समिति ने निगम के विद्युत विभाग के सीटि इंजीनियर राकेश अखंड जी से मुलाकात कर प्रतिमा स्थल पर उक्त मौको पर विद्युत रोशनी व संविधान उद्देशिका के शिलालेख पर फ्लड लाईट लगाने के विषय में भी चर्चा की ।**



**प्रतिमा स्थल पर संविधान उद्देशिका के शिलालेख पर भी फ्लड लाईट लगाने के दौरान**

## (70) नगर निगम विद्युत विभाग के सिटी इंजीनियर महोदय को सम्मानित किया गया



08 फरवरी 2021– डॉ. अम्बेडकर युवा समिति द्वारा इंदौर नगर निगम विद्युत विभाग के सिटी इंजीनियर श्री राकेश अखंड जी से भारतीय संविधान उद्देशिका शिलालेख सहित डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर स्थाई फ्लड लाइट की व्यवस्था का निवेदन किया गया था । उक्त कार्य पूर्ण होने पर सिटी इंजीनियर श्री राकेश अखंड जी को स्मृति चिन्ह व डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया ।

## (71) दो पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया





08 फरवरी 2021 – श्री अरविंद तिवारी जी को इंदौर पुलिस एसपी मुख्यालय नियुक्त होने पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की गई । तथा कोरोना काल में पूर्ण निष्ठा के साथ अपना दायित्व निभाने वाली रावजी बाजार थाना प्रभारी श्रीमती सविता चौधरी मैडम को स्मृति चिन्ह व डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।

## (72) इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी जी को सम्मानित कर ज्ञापन सौंपा



31 मार्च 2021 – इंदौर शहर के सांसद माननीय शंकर लालवानी जी से सांसद कार्यालय पर डॉ. अम्बेडकर युवा समिति ने मुलाकात कर दो विषय पर चर्चा कर ज्ञापन देकर निम्नलिखित मांग की ।
1) बौद्ध समाज की सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को संचालित करने हेतु शासकीय भूमि के आवंटन के मामले मे....2) इंदौर शहर में किसी शासकीय–प्रशासकीय स्थान को स्व.पंडित दीनानाथ भार्गव के नाम पर करने की मांग.. ...समिति ने सांसद शंकर लालवानी जी को पंचशील दुप्पटा पहनाकर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर का छायाचित्र व तथागत बुद्ध की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया । साथ ही समिति ने उन्हें ज्ञापन देकर यह भी मांग की है की भारतीय संविधान के प्रथम पृष्ठ पर अशोक स्तम्भ के शेरो की आकृति उकेरने वाले इंदौर के चित्रकार स्व. दीनानाथ भार्गव के नाम पर इंदौर शहर में कोई एक चौराहा, गार्डन, रोड़ या कोई आर्ट गेलरी का नामकरण किया जाए। इस दौरान चैतस महाबोधि संस्थान के पदाधिकारी भी मौजूद रहें ।


## (73) भारत रत्न सम्मान दिवस मनाया



31 मार्च 2021 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के परिनिर्वाण के बाद 31 मार्च 1990 में दिए गए भारत रत्न सम्मान के 31 वर्ष पूर्ण होने परबाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर 31 मोमबत्ती प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना कर उनके विचारों की संगोष्ठी आयोजित की। अंत में मिठाई वितरण किया गया। इस दौरान समिति के रघुवीर मरमट, भीमराव सरदार, ईश्वर तायड़े, महेश जाटव, योगेंद्र गवान्दे, मिलिन्द नरवाड़े, चन्द्रकांत तायड़े, सुरेश तायड़े, कुंदन तायड़े, चन्द्रस चौहान, कमल खांडेकर उपस्थित थे ।

## (74) डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती पर ऑनलाइन प्रतियोगिता

14 अप्रैल 2021 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 130वीं जयंती के अवसर पर कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में घरो में ही रहते हुए बाबा साहब के समस्त अनुयायियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की । जिसमे चित्रकला प्रतियोगिता, मार्मिक लेखन प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।




## (75) ऑटो गैरेज पंक्चर की दुकाने खोलने की मांग

12 मई 2021 – कोरोना के कारण लगे कोरोना कर्फ्यू में सब दुकाने व व्यापारिक स्थल बंद रहे । इस कारण वाहनों में होने वाली समस्याओ को दूर करने के लिए ऑटो गैरेज पंक्चर की दुकाने खोले जाने के लिए इंदौर जिलाधीश महोदय व इंदौर बीजेपी नगर अध्यक्ष महोदय को ईमेल व ट्वीट कर डिजिटल ज्ञापन दिया गया । मध्यप्रदेश शासन द्वारा अनलॉक प्रक्रिया के लिए आम नागरिको से सुझाव आमंत्रित किये गए थे । जिसके तहत 26 मई 2021 को मध्यप्रदेश शासन को अनलॉक प्रक्रिया के लिए सुझाव दिए ।




## (76) जरूरतमंद मरीजों के लिए वेपोराइजर मशीन और अन्य मेडिकल उपकरण भेंट किये

22 मई 2021 – कोरोना व अन्य साधारण बीमारी से भी ग्रसित जरूरतमंद मरीजों के लिए कुल 45 वेपोराइजर मशीन और एक नेब्युलाइजर मशीन, एक मेट्रेस बेड भेंट किया गया । जिसमे से 30 वेपोराइजर मशीन, एक नेब्युलाइजर मशीन और एक मेट्रेस बेड एमवाय अस्पताल स्थित परपीड़ा हर वेलफेयर सोसाइटी समिति को दिए गए । एवं 15 वेपोराइजर मशीन गीता भवन अस्पताल को दिए गए । इस दौरान ईश्वर तायड़े, रघुवीर मरमट, भिमा सरदार, भारत निम्बाड़कर, महेश जाटव, योगेन्द्र गवांदे, सुमित गुरुचल, लक्की पिसे, लोकेश इंद्रे मौजूद थे ।

## (77) बुध्द जयंती पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं



26 मई 2021 – बुद्ध पूर्णिमा (बुद्ध जयंती) के अवसर पर कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में घरो में ही रहते हुए समस्त बौद्ध एवं डॉ. अम्बेडकर जी के अनुयायियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, डेकोरेशन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई ।



## (78) कोरोना प्रभारी मंत्री एवं बीजेपी नगर अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

17 जून 2021 – कोरोना टीकाकरण के लिए व्यक्ति को टीकाकरण केंद्र पर आधार कार्ड, परिचय पत्र या अन्य कोई डॉक्यूमेंट देना होता है । जिस कारण फुटपाथ पर रहने वाले लोग या एकल जीवन जीने वाले लोग अथवा ऐसे कोई भी लोग जिनके पास डॉक्यूमेंट का अभाव है, उन्हे भी कोरोना वैक्सिनेशन से जुड़े स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी अभियान का लाभ समान रुप से मिले । तथा उनके



लिए शासन–प्रशासन स्तर पर सुविधा उपलब्ध हो ऐसी मांग से संबंधित एक ज्ञापन कोरोना प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट जी एवं बीजेपी नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे जी को सौंपा ।



## (79) इंदौर सांसद को ज्ञापन सौंपा

29 जून 2021 – कोरोना टीकाकरण के लिए व्यक्ति को टीकाकरण केंद्र पर आधार कार्ड, परिचय पत्र या अन्य कोई डॉक्यूमेंट देना होता है । जिस कारण फुटपाथ पर रहने वाले लोग या एकल जीवन जीने वाले लोग अथवा ऐसे कोई भी लोग जिनके पास डॉक्यूमेंट का अभाव है, उन्हे भी कोरोना वैक्सिनेशन से जुड़े स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी अभियान का लाभ समान रुप से मिले । तथा उनके लिए शासन–प्रशासन स्तर पर सुविधा उपलब्ध हो ऐसी मांग से संबंधित एक ज्ञापन इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी जी को दिया गया । इसके पूर्व कोरोना प्रभारी मंत्री श्री तुलसी सिलावट जी एवं बीजेपी नगर अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे जी को भी उक्त विषय से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया था ।

## (80) एक महानायक - डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की बाल कलाकार कु. वंशिका यादव को सम्मानित किया



07 अगस्त 2021 डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के जीवन पर आधारित – एंड टीवी चैनल पर प्रसारित हो रहे सीरियल एक **महानायक – डॉ. बी.आर. अम्बेडकर** में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की **बड़ी बहन मंजुला** का किरदार निभाने वाली इंदौर शहर की बाल कलाकार कु. वंशिका रोहित यादव जी को अजाक्स जिला अध्यक्ष करण भगत जी, सौमित्र भार्गव जी, सापेक्षी भार्गव व समाजसेविका भागयश्री खड़खड़िया जी के विशेष आतिथ्य में प्रशस्ति पत्र व ''दुनिया ख्वाबों की और हकीकत जीवन की'' नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया । इसके पहले वंशिका यादव ने समिति के लोगो व परिवार की मौजूदगी में गीता भवन चौराहा स्थित डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा व संविधान की उद्देशिका पर माल्यार्पण किया । इस दौरान वंशिका ने सीरियल में निभाए अपने रोल के बारे में बताया । व उपस्थित लोगो के साथ अपने अनुभव साझा किये एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।

## (81) केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री को संविधान उद्देशिका के साथ ज्ञापन दिया



25 सितम्बर 2021 – फुटपाथ पर रहने वाले लोग या एकल जीवन जीने वाले लोग अथवा ऐसे कोई भी लोग जिनके पास आधार कार्ड, परिचय पत्र जैसे अन्य डॉक्यूमेंट का अभाव है, उनके लिए भी कोरोना से बचाव के टीकाकरण की व्यवस्था हो। एवं स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े इस अभियान का लाभ मानवता व समानता के आधार पर सबको मिलें । एवं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर समस्त शा. कार्यालयों एवं पुलिस थानो मे अनिवार्य रुप से लगवाई जाए । उक्त मांग से संबंधित ज्ञापन केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री मा. रामदास आठवले जी को उनके इंदौर आगमन पर सौंपा । साथ ही उन्हे भारतीय संविधान उद्देशिका की प्रति की तस्वीर भी भेंट की गई ।

## (82) कोराना से बचाव की वैक्सीन के संबंध में पूर्व आईएएस श्रीमती सूरज डामोर मैडम से चर्चा



02 अक्टूबर 2021 – फुटपाथ पर रहने व डॉक्यूमेंट विहीन लोगो के लिए भी कोरोना से बचाव के टीकाकरण की व्यवस्था संबंधित विषय पर पूर्व आईएएस श्रीमती सूरज डामोर मैडम से चर्चा कर उनसे निवेदन किया की वे इस संबंध में उनके पति सांसद श्री गुमानसिंह डामोर जी से चर्चा करें । एवं इसे वे प्रदेश स्तर पर पूर्ण कराने का प्रयास करें । मैडम ने विषय की गंभीरता को समझते हुए आश्वस्त किया की वे आगे बात करके इसके समाधान के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे ।

## (83) फिल्म अभिनेता सोनू सूद को सम्मानित किया



26 अक्टूबर 2021 – ''सहारा'' – बेसहारो का..... गरीबो के मसीहा, मानवता की मिसाल फिल्म अभिनेता श्री सोनू सूद जी द्वारा कोरोना काल सहित वर्तमान में भी मानवता का फर्ज निभाते हुए कई असहाय, गरीब मजदूरों सहित प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार, परिवहन सहित अन्य कई क्षेत्रो में मदद करने पर डॉ. अम्बेडकर युवा समिति इंदौर द्वारा इंदौर से मुंबई जाकर उनके निवास पर श्री सोनू सूद सर को शॉल ओढ़ाकर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी का छायाचित्र व स्मृति चिन्ह तथा ''दुनिया ख्वाबों की और हकीकत जीवन की'' नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अविस्मरणीय दिवस में समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे (सर), ईश्वर तायड़े, भारत निम्बाड़कर, भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट, महेश जाटव, लक्की पिसे सहभागी बने ।

## (84) फिल्म व टीवी सीरियल अभिनेता गगन मलिक को सम्मानित किया



21 नवंबर 2021 – रविन्द्र नाट्यगृह, इंदौर में आयोजित कार्यक्रम ''चलो बुद्ध की ओर'' में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित देश–विदेश में तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा वितरित करके बौद्ध धम्म का प्रचार–प्रसार करने वाले एवं सीरि सिद्धार्थ गौतम उवअपम में तथागत बुद्ध का अभिनय करने वाले फिल्म व टीवी सीरियल अभिनेता श्री गगन मलिक जी को डॉ. अम्बेडकर युवा समिति की तरफ से सम्मान स्वरुप डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की गई । इस दौरान मुरलीधर राहुल मेटांगे, भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट, मोहन वाकोड़े मौजूद थे ।

## (85) प्रतिमा स्थल की बाउंड्रीवाल पर कलर करवाया एवं होर्डिंग्स हटवाएं



05 दिसंबर 2021 – डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी के 65वें महापरिनिर्वाण दिवस से एक दिवस पूर्व इंदौर नगर निगम प्रशासन द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर कलर करके प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण के लिए सीढ़ी तो लगा दी गई थी किन्तु बाउंड्रीवाल पर कलर नहीं किया गया था । साथ ही प्रतिमा स्थल पर इंदौर के एक निजी इंस्टिट्यूट के प्रमोशन सहित यातायात जागरूकता के होर्डिंग लगे हुए थे । जिससे प्रतिमा स्थल के सामने का हिस्सा ढँक चूका था । और 6 दिसंबर को प्रतिमा स्थल पर आने वाले अनुयायियों को सामने से दर्शन करने में समस्या भी आती । अतः सामाजिक कार्यकर्ता

मुरलीधर राहुल मेटांगे ने 5 दिसंबर शाम को सम्बंधित झोनल अधिकारी महोदय को फोन लगाकर बाउंड्रीवाल पर कलर नहीं होने की जानकारी दी । एवं बाउंड्रीवाल पर कलर करवाने का निवेदन किया । थोड़ी बातचीत के बाद उनके द्वारा संबधित कार्य को करवाने वाले अधिकारी के कांटेक्ट नंबर दिए । उद्यान विभाग के दरोगा महोदय से फोन पर चर्चा करके कलर करवाने का निवेदन किया । देर शाम के बाद अधिकारी महोदय ने मजदूरों को प्रतिमा स्थल पर पंहुचाया । बाउंड्रीवाल पर कलर व सफाई का कार्य अधिकारी व ठेकेदार महोदय के साथ सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर राहुल मेटांगे ने अपनी उपस्थिति में करवाया ।

तथा निजी इंस्टिट्यूट के होर्डिंग से पता निकालकर उनके इंस्टिट्यूट जाकर उसके संचालक महोदय से चर्चा की और 6 दिसंबर को प्रतिमा स्थल पर होने वाले आयोजनों व बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने के लिए पुरे दिन भर अनुयायियों की आवाजाही लगी रहने की बात से अवगत करवाया और उनसे भी निवेदन किया की वे अपने होर्डिंग प्रतिमा स्थल से हटवा ले ताकि किसी अनुयायी को दर्शन सहित किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो । संचालक महोदय ने भी विषय की गंभीरता को समझते हुए होर्डिंग लगाने वाली एजेन्सी के संचालक से तुरंत बात की और बिना किसी आपतत्ति के होर्डिंग हटाने के लिए कहा । रात को होडिंग एजेन्सी के संचालक ने अपने साथी सहित स्वयं आकर होर्डिंग हटाए । फिर सुचारु रूप से पूरी बाउंड्रीवाल की सफाई तथा उसपर कलर किया गया । इसके पूर्व आखरी बार बाबा साहब की प्रतिमा और बॉउंड्रीवाल पर दिसम्बर 2019 में कलर हुआ था । उसके बाद कोरोना और लॉक डाउन के चलते कलर नहीं हुआ था ।

## (86) डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 65वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रध्दांजली स्वरुप रक्तदान शिविर

06 दिसंबर 2021 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 65 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि स्वरुप रक्तदान शिविर लगाया गया । जिसमें एकत्रित रक्त को एमवाय हॉस्पिटल ब्लड बैंक के को रक्त के जरुरतमंद लोगो के लिए सौंपा गया ।










# (87) संविधान उद्देशिका वाचन के साथ संविधान पुस्तक की प्रतिकृति देखी




26 जनवरी 2022 — भारत के 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समिति ने संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा व संविधान उद्देशिका पर माल्यार्पण कर उद्देशिका का वाचन कर मिठाई वितरण किया । इसके पश्चात् शा. श्री देवी अहिल्या पुस्तकालय में रखी भारतीय संविधान की पुस्तक की प्रतिकृति को देखा । पुस्तकालय की लिली डाबर मैडम ने प्रतिकृति के बारे में जानकारी भी दि । इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट, भीमराव सरदार, भोलेप्रसाद सावनेर, अखिलेश आशीर्वाल, रत्नेश देवलासे मौजूद थे ।

## (88) चावदार तालाब महाड़ सत्याग्रह दिवस पर शरबत वितरण

20 मार्च 2022 — महाड़ सत्याग्रह के 95 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को ए.बी. रोड, इंदौर स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा और भारतीय संविधान स्मारक स्थल पर 95 लीटर शरबत का वितरण कर महाड़ सत्याग्रह दिवस मनाया गया ।






## (89) डॉ. अम्बेडकर जयंती की तैयारी के लिए झोनल अधिकारी को दिया आवेदन

11 अप्रैल 2022 — 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 131वीं जयंती के एक दिवस पूर्व उनकी ए. बी. रोड़ गीता भवन चौराहा स्थित प्रतिमा तथा प्रतिमा स्थल पर रंग रोगन और साफ सफाई तथा विद्युत सज्जा, व सीढ़ी लगाने सहित समस्त तैयारीयों के लिए समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट, भीमराव सरदार ने झोन क्रमांक 11 के झोनल अधिकारी श्री नागेन्द्रसिंह भदौरिया से मुलाकात कर उन्हें उक्त कार्य पूर्ण करने के विषय में आवेदन दिया । झोनल अधिकारी ने इस दौरान संबधित अधिकारी व दरोगा को फोन लगाकर उक्त कार्य समय से करने के लिए कहा।

# (90) महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर नया मार्बल का पत्थर लगवाया




12 अप्रैल 2022 – महात्मा ज्योतिबा फुले की 195वीं जयंती के अवसर पर 11 अप्रैल 2022 को समिति के सदस्य महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे थे । सामाजिक कार्यकर्ता भीमराव सरदार, मुरलीधर मेटांगे प्रतिमा स्थल के सम्बंधित अधिकारियो को 8 अप्रैल से वहां रंगाई पुताई, सीढ़ी और गमले लगाने का निवेदन कर रहे थे । प्रतिमा स्थल पर सीढ़ी और गमले तो लग गए थे किन्तु प्रतिमा पर कलर नहीं हुआ था । प्रतिमा पर कलर नहीं होने था प्रतिमा के पेडल स्टैंड से एक तरफ कोने का मार्बल पत्थर टुटा होने से महात्मा फुले के अनुयायी नाराज थे । सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर मेटांगे और भीमराव सरदार ने झोन क्रं. 18 के झोनल अधिकारी अतीक खान जी से फोन पर चर्चा कर नाराजगी जाहिर की । जिसके बाद झोनल अधिकारी ने उक्त प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर चर्चा की । चर्चा के दौरान मेटांगे और सरदार ने प्रतिमा पर कलर करने और टूटे पत्थर के स्थान पर नया पत्थर लगाने का निवेदन किया । और नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की महापुरुषों की प्रतिमा की ऐसी खराब स्थिति को सहन नहीं किया जा सकता । चर्चा के दौरान झोनल अधिकारी ने प्रतिमा पर कलर करवाने और पत्थर लगाने का कहा । जिसके बाद मंगलवार को पेडल स्टैंड पर टूटे हुए पत्थर के स्थान पर नया मार्बल पत्थर लगाया गया ।



# (91) डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर पांच दिवसीय जयंती अमृत महोत्सव

13 – 14 अप्रैल 2022 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की 131वीं जयंती को समिति ने पाँच दिवसीय अमृत महोत्सव के रूप में मनाया । जिसके अंतर्गत समिति ने गर्मी के मौसम सड़क पर घूमने वाले पशुओ तथा पक्षियों को पानी मिल सके इसके लिए सड़क पर सीमेंट से बने तीन टब तथा पक्षियों के लिए रेडीमेड घोसले व सकोरे शहर के अलग–अलग क्षेत्रो में रखे । गीता भवन एबी रोड चौराहा स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई व रंग रोगन आदि में निगम कर्मचारियों का हाथ बंटाकर समिति सदस्यों ने भी सेवा कार्य किया । इसके पश्चात् समिति ने नवलक्खा विद्युत झोन पर सहायक यंत्री ऋषिराज ठाकुर, जेई जीपी वर्मा को झोन के लिए डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की । 14 अप्रैल को समिति ने श्री अमरजीत सिंह सूदन सेवा आश्रम पर वृद्धजनों को भोजन कराया तथा बाबा साहब की जयंती का केक कटवाया । इस अवसर पर आश्रम के संचालक पंडित सोनू व्यास को समिति ने डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की ।

# (92) भीम आर्मी के चन्द्रशेखर आज़ाद जी से मुलाकात



22 मई 2022 – इंदौर राजमोहल्ला में युवा वाल्मीकि संवाद कार्यक्रम में भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आज़ाद समाज पार्टी के रा. अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद जी रावण मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए, इस दौरान उनसे मुलाकात कर उन्हे बाबा साहब अम्बेडकर जी का छायाचित्र भेंट किया गया । और उन्हे सामाजिक गतिविधियों की फाईल दिखाई गई ।

# (93) इंदौर नगर निगम आयुक्त को सम्मानित किया



28 मई 2022 – इंदौर में नए – नए आयोजनों के माध्यम से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने व वायु प्रदुषण से मुक्ति सहित स्वच्छता का छक्का लगाने के लिए प्रयासरत तथा प्रसव के ग्यारह दिनों बाद ही फिर से अपने दायित्व का निर्वाह करने वाली, इंदौर नगर निगम आयुक्त के रूप में इसी माह दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर इंदौर नगर निगमायुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल जी को इंदौर गौरव दिवस सप्ताह के अवसर पर शनिवार को समिति ने पंचशील दुपट्टा ओढ़ाकर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर व निगमायुक्त की तस्वीर सहित सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट, अजाक्स जिला सचिव शिक्षिका वंदना मरमट, भीमराव सरदार, सुमित गुरुचल मौजूद थे ।




# (94) इन्दौर गौरव दिवस मनाया

31 मई 2022 – माँ देवी अहिल्याबाई होल्कर की 297 वीं जयंती के अवसर पर समिति ने डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर 297 दीपक जलाकर इंदौर गौरव दिवस मनाया । कार्यक्रम में माँ अहिल्या के बाल स्वरुप वेशभूषा में वागीशा बैरवा और डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के बाल स्वरुप वेशभूषा में धवल मेटांगे मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे । जिन्हे छत्र के नीचे ढोलक के साथ कार्यक्रम स्थल तक लाया गया ।

छत्र को मराठी वेशभूषा में भीमराव सरदार पकड़कर चल रहे थे । कार्यक्रम की शुरुआत दिप प्रज्ज्वलन और माँ अहिल्या और बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई । इंदौर निवासी होने पर इंदौर के हर नागरिक को गर्व होना चाहिए की देवी माँ अहिल्या के रूप इंदौर मालवा को न्याय, आध्यात्मव करुणामयी तथा एक सशक्त और कुशल शासक

(महारानी) मिली । जिन्हे इन्दौर व आस–पास के निवासी माँ कहते है । और इसी इंदौर जिले के महू नगर में भारत रत्न भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी का भी जन्म हुआ है। अतः प्रत्येक नागरिक के लिए यह दो गुने गर्व की बात है की इंदौर इतना गौरवशाली शहर है की इससे देश की इतनी महान विभूतियाँ ताल्लुक रखती है। लोगो तक यही सन्देश पहुँचाना समिति का उद्देश्य था । कार्यक्रम में माँ अहिल्या और बाबा साहब के कार्यो को याद किया गया । उपस्थित लोगो ने ''जय माँ अहिल्या – जय भीम'' के नारे भी लगाए ।

कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमे बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता का कार्य देखने वाले जुगलकिशोर सुनहरे जी और एचडी न्यूज चौनल के संपादक अश्विन बाहेती जी और दोनों बाल कलाकारों वागीशा बैरवा और धवल मेटांगे को पंचशील दुपट्टा पहनाकर सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरित की गई ।

इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राहुल मेटांगे, रवि गुरुचल, मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट, भीमराव

## (95) आज़ादी की प्रकाशवान दौड़




15 अगस्त 2022 – 76वें भारतीय स्वतंत्रता दिवस पर समिति द्वारा ''आजादी की प्रकाशवान दौड़'' आयोजित की गई । उक्त दौड़ की शुरवात में रीगल तिराहा स्थित महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर मशाल प्रज्ज्वलित की गई तत्पश्चात माल्यार्पण, पुष्पार्पण कर उक्त दौड़ पूर्व प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू जी की प्रतिमा, मधुमिलन चौराहा पर पहुंची, यहां भी प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण कर उक्त दौड़ भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा, गीता भवन, एबी रोड चौराहा पर समाप्त हुई । इस दौरान भीमराव सरदार, भारत निम्बाडकर, ईश्वर तायड़े, रघुवीर मरमट, लक्की पिसे प्रज्ज्वलित मशाल को बारी–बारी से लेकर दौड़ते रहे । डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण कर बुद्ध वंदना, भीम स्तुति की गई तथा देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें नमन किया गया । उक्त आयोजन में भारत माता के रूप में बालिका मनीषा सरदार मौजूद रही ।

## (96) पीएचई कार्यालय पर डॉ. बाबा साहब आंबेडकर जी की नई तस्वीर लगवाई



08 सितम्बर 2022 – डॉ. अम्बेडकर युवा समिति के भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट सोमवार को किसी काम से सहायक यंत्री कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड गए थे । जहाँ उन्होंने देखा की कार्यालय में लगी डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर थोड़ी खराब हो रही है और उसे बदलने की आवश्यकता है । इसकी जानकारी भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट ने कुछ दिवस पूर्व ही आए नवीन सहायक यंत्री दिलीप अनवेकर जी को दी और उस तस्वीर को बदलने का आग्रह किया । सहायक यंत्री महोदय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत ही विभाग के व्यक्ति को स्वयं रूपये देकर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर बनवाने का कहा और बुधवार को नई तस्वीर लगवाई ।

समिति ने सहायक यंत्री दिलीप अनवेकर की तत्परता देखते हुए उन्हें अपनी ओर से गुरुवार को विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर सिंबॉल ऑफ नॉलेज डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## (97) मासिक अभियान ''अनुसरण'' प्रारम्भ




14 सितम्बर 2022 – अध्ययन के माध्यम से डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की विचारधारा और संघर्षो तथा देश के प्रति उनके योगदान के प्रति लोगो में जागृति लाने के उद्देश्य से समिति ने मंगलवार को गीता भवन स्थित डॉ. अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल से मासिक अभियान ''अनुसरण'' की शुरुआत की । इस अभियान के तहत प्रत्येक माह की 14 तारीख को समिति प्रतिमा स्थल पर ध्वज वंदन, भीम स्तुति व राष्ट्रगान की शुरुआत की। बाबा साहब को नमन करने के साथ–साथ उनकी समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता और देशप्रेम की विचारधारा का वास्तविक अर्थो में अनुसरण करना अधिक आवश्यक है । बाबा साहब की विचारधारा और संघर्षो में तथागत बुद्ध, संत कबीर, महात्मा ज्योतिबा फुले सहित कई मानवतावादी संतो व महापुरुषों की विचारधारा और कर्मो का संगम मिलता है । अनुसरण अभियान के माध्यम से अध्ययन सहित अलग – अलग तरीको से भी लोगो तक बाबा साहब की विचारधारा और संघर्षो को पहुँचाने का कार्य करेंगी, ऐसा संकल्प किया।

# (98) नशा मुक्ति एवं मानव दुर्व्यापार अपराध रोकथाम - नुक्कड़ नाटक




02 अक्टूबर 2022 – मध्यप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं मानव दुर्व्यापार अपराध रोकथाम अभियान के अंतर्गत रविवार 02 अक्टूबर को बुद्ध नगर में समिति के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । जिसमे अनवरत थिएटर ग्रुप के युवा कलाकारों ने नशे व मानव दुर्व्यापार से दूर रहने की सीख दी । कार्यक्रम में इंदौर पुलिस विभाग से निरीक्षक श्रीमती राधा जामोद मैडम, उप निरीक्षक श्री शिवम ठक्कर सर, उप निरीक्षक श्री गयेन्द्र यादव सर और नारकोटिक्स विभाग की उप निरीक्षक श्रीमती आरती कटियार मैडम ने नशे व मानव दुर्व्यापार के प्रकारो पर प्रकाश डालकर उपस्थित लोगो को इससे दूर रहने के तरीके बताये व ऐसे अपराधों के प्रति जागरूक होकर इसे रोकने व शिकायत करने के लिए पुलिस व सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी साझा की । अधिकारियो ने बच्चो तथा उनके माता–पिता को एक अच्छे भविष्य के निर्माण के लिए कार्य करने का कहा । तथा बच्चो को शिक्षा की ओर अग्रसर होकर अच्छा इंसान बनने की सीख दी । मुरलीधर मेटांगे ने कहा बौद्ध धम्म के पंचशील की अंतिम गाथा ''सुरा–मेरय–मज्ज–पमादठ्ठाना वेरमणी– सिक्खापदं समादयामि'' जिसका अर्थ होता है की ''मैं कच्ची–पक्की शराब व नशीली वस्तुओ के सेवन से दूर रहने की शिक्षा ग्रहण करता हूँ ।'' सभी लोगो को इस गाथा सहित पूर्ण पंचशील की गाथा का अनुसरण ईमानदारी से करना चाहिए । ऐसा ना करके व्यक्ति स्वयं को धोखा देने का ही कार्य करता है और अपना जीवन खराब करता है ।

कार्यक्रम की शुरुवात तथागत बुद्ध और डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर दिप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई । समिति द्वारा पुलिस अधिकारियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया । कार्यक्रम का संचालन रघुवीर मरमट जी ने किया व आभार मुरलीधर राहुल मेटांगे ने माना । बुद्ध नगर में आयोजित उक्त कार्यक्रम से जुडी साफ–सफाई व अन्य व्यवस्था समिति के भारत निम्बाड़कर जी, भीमराव सरदार जी, ईश्वर तायड़े जी द्वारा की गई ।

कार्यक्रम में समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट जी, भीमराव सरदार जी, भारत निम्बाड़कर जी, ईश्वर तायड़े जी, महेश जाटव जी, शुभम रायपुरे जी, उमेश भिड़े जी, भारत जाधव जी, वरिष्ठ समाजसेवी राहुल मेटांगे जी, केसरबाई गायकवाड़ जी, सिंधुबई वानखेड़े जी, सुनीता जाधव जी, अनीता सरदार जी सहित कई रहवासी मौजूद थे ।

## (99) ‘‘धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस’’ पर श्रमदान सहित अनुसरण अभियान





14 अक्टूबर 2022 – 66वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की गीता भवन चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर साफ–सफाई कर श्रमदान किया गया, तत्पश्चात् दीप प्रज्जवलन कर पंचशील धम्म ध्वज फहराकर बुध्द वंदना, भीम स्तुति की गई । उक्त अवसर पर उपस्थित साथियों ने डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की जीवन संघर्ष और विचारधारा पर अपना उद्बोधन दिया । कार्यक्रम के माध्यम से लोगो से अपील की गई कि लोग अपने अधिकारों को पाने के साथ कर्तव्य निभाने के लिए भी आगे आए । राष्ट्रगान के पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## (100) डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी का फोटो दुकान पर उचित स्थान पर लगवाया गया।





10 नवम्बर 2022 – इन्दौर से अमरावती बस में जाते हुए मुरलीधर राहुल मेटांगे ने देखा की खंडवा नाका स्थित जूते चप्पल की दुकान पर डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी का फोटो लगा हुआ था किन्तु वह सही स्थान पर नहीं था यह देखकर समिति के भीमराव सरदार जी को दुकान पर पहुंचाया गया और दुकानदार से बात की गई उनसे कहा गया की डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर जी का फोटो दुकान पर लगाया है इसके लिए आपका साधुवाद किन्तु इसे उचित स्थान पर लगाया जाए । दूकानदार ने बात को समझते हुए तत्काल बाबा साहब की फोटो को दुकान में भीमराव सरदार जी की उपस्थिति में उचित स्थान पर लगा दिया ।


## (101) ‘‘स्वच्छता का नंबर वन प्रतीक चिन्ह‘‘ का निर्माण करने व नर्मदा जल प्रदाय के लिए महापौर महोदय को ज्ञापन दिया



10 नवम्बर 2022 – स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता सर्वेक्षण मे लगातार छः बार इंदौर शहर ने प्रथम आकर इतिहास बनाया है । इस ऐतिहासिक क्रम को अविस्मरणीय बनाने हेतु समिति के माध्यम से गुरुवार को महापौर सचिवालय रेसीडेंसी पर 'इंदौर के किसी मुख्य चौराहे' पर स्वच्छता का नम्बर वन प्रतीक चिन्ह बनाने व उसे नम्बर वन प्रतीक चौराहे के नाम से स्थापित करने की मांग से सम्बन्धित तथा वार्ड 61 के मरीमाता व कल्लू खां का बगीचा सहित अन्य क्षेत्र मे अमृत योजना 2.0 ''अब हर घर पेय जल'' योजना के तहत नर्मदा पेय जल प्रदाय सहित दो विषयों से संबंधित ज्ञापन महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी को सौंपा गया । इस दौरान समिति के मुरलीधर राहुल मेटांगे, ईश्वर तायड़े, भीमराव सरदार, सौमित्र भार्गव, सापेक्षी भार्गव मौजूद थें ।

## (102) संविधान बचाओं यात्रा का स्वागत व पूर्व मंत्री से मुलाकात एवं सामाजिक चर्चा



16 नवम्बर 2022 – डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संघ द्वारा आयोजित संविधान बचाओं पद यात्रा का गीता भवन एबी रोड चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर स्वागत सम्मान किया गया व डॉ. अम्बेडकर नगर महू में सभा के लिए पधारे मुख्य अतिथि आप के विधायक व दिल्ली शासन के पूर्व मंत्री राजेंद्रपाल गौतम जी से डॉ. अम्बेडकर युवा समिति (DAYS) के साथियों ने इंदौर एयरपोर्ट पर मुलाकात कर सामाजिक समसामयिक विषय पर चर्चा की और उन्हें समिति द्वारा इंदौर मे की जा रही मुख्य सामाजिक गतिविधियों की जानकारी भी दि गई । उन्होंने सामाजिक गतिविधियों की सराहना की । इस दौरान साथ मे समिति के रघुवीर मरमट जी, योगेंद्र गवांदे जी व अन्य सामाजिक साथी मौजूद थे ।

## (103) पुस्तकालय अवलोकन और डॉ. आंबेडकर जी का छायाचित्र भेंट किया



26 नवंबर 2022 – भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय का अवलोकन किया। जहाँ भारतीय संविधान की पुस्तक की प्रतिकृति व विभिन्न प्रकार की पुस्तके रखी हुई है । इस दौरान पुस्तकालय की ग्रंथपाल महोदय श्रीमती लिली डावर मैडम ने पुरे पुस्तकालय का अवलोकन करवाते हुए पुस्तकालय की विस्तृत जानकारी दी । इस दौरान समिति द्वारा ग्रंथपाल महोदया को डॉ बाबा साहब आंबेडकर जी का छायाचित्र भेंट किया गया ।

## (104) डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर विभिन्न तैयारी के लिए झोनल कार्यालय पर स्मरण पत्र दिया ।



02 दिसंबर 2022 – डॉ बाबा साहब आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी गीता भवन चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर साफ–सफाई, विद्युत सज्जा व सुधार, बॉउंड्रीवाल कलर सहित अन्य तैयारी सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित झोन 11 पर झोनल अधिकारी के नामे समिति की तरफ से स्मरण पत्र दिया गया तथा झोनल अधिकारी सहित सम्बंधित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारियों से फोन पर चर्चा की । इस दौरान मुरलीधर राहुल मेटांगे रघुवीर मरमट, भीमराव सरदार उपस्थित थे ।

## (105) डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर विभिन्न तैयारी के दौरान



05 दिसंबर 2022 – डॉ बाबा साहब अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस से एक दिवस पूर्व 5 दिसंबर को उनकी गीता भवन चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर साफ–सफाई, विद्युत सज्जा व सुधार, बॉउंड्रीवाल कलर सहित अन्य तैयारियां करवाते हुए । इस बार प्रतिमा स्थल पर रेडियम से बने बाबा साहब के नाम की पट्टिका भी लगाई गई । इस दौरान मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट, भीमराव सरदार उपस्थित थे ।

## (106) रक्तदान शिविर एवं सम्मान






06 दिसंबर 2022 – भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 66वें महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर युवा समिति द्वारा डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि देने स्वरुप तथा रक्त के जरूरतमंद लोगो को रक्त पहुंचाने के उद्देश्य से इंदौर के गीता भवन चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर रक्तदान शिविर लगाया गया । जिसमे मानवता व समानता के अनुयायियों ने रक्तदान किया । एकत्रित रक्त एमवाय ब्लड बैंक के माध्यम से जरूरतमंद लोगो को दिया जायेगा । इस दौरान बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर निगम प्रशासन की तरफ से साफ सफाई, कलर करने वाले, विद्युत सज्जा व सुधार करने वाले निगमकर्मियों को समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया । जिसमे कमल चौहान, चन्दन चंदेले, दिनेश गोयल, जुगलकिशोर सुनहेरे शामिल है । इसके पूर्व बौद्ध धम्म के भंते भदंत नागसेन, महाथेरो भंते धर्मशील द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा एवं संविधान उद्देशिका पर मोमबत्ती प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कराकर उपस्थित लोगो को सामूहिक बुद्ध वंदना व भीम स्तुति कराई गई ।

## (107) गार्डन के नामकरण पर समिति ने इंदौर महापौर महोदय का माना आभार



14 दिसंबर 2022 – नगर निगम एमआईसी परिषद मे मूसाखेड़ी रिंग रोड़ चौराहे पर नगर निगम द्वारा निर्मिति आइलेंड गार्डन का नाम भारत के संविधान की पुस्तक पर अशोक स्तम्भ के सिंह का चित्र बनाने वाले चित्रकार स्व. पं. दीनानाथ भार्गव के नाम पर किये जाने का प्रस्ताव पास होने पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी से महापौर सचिवालय पर मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर मिठाई खिलाते हुए महापौर सहित इस कार्य मे शामिल निगम के हर अधिकारी कर्मचारी के प्रति आभार प्रकट किया । साथ ही उक्त गार्डन के डेवलपमेंट, सौंदर्यीकरण व अनावरण की चर्चा भी की । इस दौरान मुरलीधर राहुल मेटांगे, रघुवीर मरमट, सौमित्र भार्गव, सापेक्षी भार्गव मौजूद रहे । (DAYS) समिति द्वारा 31 मार्च 2021 को उक्त मांग से सम्बंधित एक ज्ञापन इंदौर सांसद शंकर लालवानी जी को दिया गया था ।

## (108) लाइट लेम्प पोल और पंचशील ध्वज पोल शिफ्टिंग कार्य



12 से 14 जनवरी 2023 (तीन दिवस) तक डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की गीता भवन ए.बी रोड़ चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर इंदौर नगर निगम के माध्यम से आकर्षक लाइट लेम्प पोल और कलर्ड एलईडी लाइट लगाने का कार्य किया गया, साथ ही इसी दौरान पंचशील ध्वज पोल को भी दूसरे सीान पर शिफ्ट किया गया ।

## (109) इंदौर महापौर महोदय को संक्रांति की बधाई के साथ लाइट लेम्प पोल के लिए धन्यवाद दिया




15 जनवरी 2023 – महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी द्वारा दशहरा मैदान पर आयोजित मित्र संक्रांति महोत्सव मे डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS) के साथियों ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी से मुलाकात कर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर निगम द्वारा आकर्षक चार स्थाई लाइट लेम्प पोल व कलर्ड एलईडी मेटल लाइट लगाने पर समिति ने महापौर महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## (110) साइबर सेल मे डॉ. अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की

26 जनवरी 2023 – 74वें भारतीय गणतंत्र दिवस के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति ने इंदौर साइबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एसपी श्री जितेंद्र सिंह सर को तिरंगा दुपट्टा पहनाकर भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर भेंट की ।





## (111) साँची द्वार की प्रतिकृति के लिए महापौर महोदय को ज्ञापन दिया

16 मार्च 2023 – (DAYS) समिति के सदस्यों ने गुरुवार को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी से मुलाकात कर गीता भवन चौराहा स्थित डॉ. अम्बेडकर जी प्रतिमा स्थल पर प्रवेश द्वार के रूप मे साँची द्वार की प्रतिकृति का निर्माण करने और प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण की मांग का ज्ञापन सौंपा । महापौर महोदय ने जल्द ही साँची द्वार का निर्माण करवाने की बात कही ।

## (112) साँची द्वार की प्रतिकृति




14 अप्रैल 2023 – भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती के अवसर पर (DAYS) समिति ने गीता भवन एबी रोड चौराहा स्थित डॉ. बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर (डेमो हेतु) प्रवेश द्वार के रूप में साँची द्वार की प्रतिकृति लगाई गई जो आकर्षण का केंद्र रही ।




## (113) महापौर महोदय द्वारा समिति की वेबसाइट लॉंच की गई व महापौर महोदय को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की गई। एवं समिति का नामान्तरण हुआ।

14 अप्रैल 2023 – भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती के अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी द्वारा डॉ. अम्बेकर युग सेवा समिति (DAYS) की वेबसाइट लांच की गई । इस अवसर पर समिति द्वारा महापौर महोदय को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की गई । इस दिन से डॉ. अम्बेडकर युवा समिति (DAYS) का **नामान्तरण ''डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS)** के रुप में हुआ ।



## (114) सामाजिक कार्यकर्ता का सम्मान

14 अप्रैल 2023 – भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता उमेश लोदवाल जी को समिति द्वारा डॉ. अम्बेडकर ज्ञान ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

## (115) बुध्द पूर्णिमा पर मांस-मटन-मछली की दुकानें बंद रखने हेतु ज्ञापन

03 मई 2023 – तथागत गौतम बुध्द की जयंती अर्थात बुध्द पूर्णिमा पर इन्दौर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मांस–मटन–मछली की दुकानों को बंद रखने हेतु महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी को ज्ञापन दिया । इस अवसर पर उन्हे तथागत बुध्द की तस्वीर भी भेंट की गई ।





## (116) एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर महापौर महोदय को बधाई दी

08 अगस्त 2023 – इन्दौर महापौर के रुप में अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी को समिति की ओर से मुँह मीठा कर हार्दिक बधाई दी व इस दौरान उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट किया ।

## (117) प्राचार्य महोदय का सम्मान

15 अगस्त 2023 – 76वें स्वतंत्रता दिवस पर सी.एम. राईज़ शा. उ. मा. विद्यालय के प्राचार्यश्री शिवसेवक मौर्य जी को उनके शिक्षा के क्षेत्र तथा समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु डॉ. अम्बेडकर ज्ञान ज्योति पुरस्कार से सम्मानित किया ।





## (118) झोन क्रं. 11 पर स्मरण पत्र दिया

04 दिसम्बर 2023 डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर गीता भवन, ए. बी.रोड़ चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर रंग रोगन साफ–सफाई, विद्युत सुधार सहित अन्य तैयारी करने हेतु संबंधित झोन क्रं. 11 पर झोनल अधिकारी के नामें स्मरण पत्र सौंपा । दिया गया ।




## (119) रक्तदान शिविर

06 दिसम्बर 2023 डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को श्रध्दांजली देने स्वरुप लगातार पांचवें वर्ष भी गीता भवन, ए.बी.रोड़ चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें मानवता व समानता के अनुयायियों ने रक्तदान किया ।




## (120) महापौर जी को बधाई

15 जनवरी 2024 – इंदौर के दशहरा मैदान पर आयोजित मित्र संक्रांति महोत्सव मे डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति के साथियों ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी को पंचशील दुपट्टा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देते हुए मकर संक्रांति व स्वच्छता मे सातवीं बार इंदौर के नंबर वन आने पर बधाई दी ।



## (121) झोन क्रं. 11 पर स्मरण पत्र दिया

11 अप्रैल 2024 डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर गीता भवन, ए.बी.रोड़ चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर रंग रोगन, साफ–सफाई, विद्युत सज्जा सहित अन्य तैयारी करने हेतु संबंधित झोन क्रं. 11 पर झोनल अधिकारी के नामें स्मरण पत्र सौंपा । 13 अप्रैल 2023 को उपरोक्त कार्यो को मूर्त रुप दिया गया ।



## (122) साँची द्वार के निर्माण की घोषणा

14 अप्रैल 2024 – (DAYS) समिति द्वारा पूर्व में की गई मांग पर भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर गीता भवन ए.बी. रोड़ चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर समिति के साथियों सहित अन्य डॉ. अम्बेडकर अनुयायियों की उपस्थिति में मीडिया से बातचीत करते हुए महापौर महोदय द्वारा आयरन वेस्ट से सॉची द्वार के निर्माण की घोषणा गई ।

## (123) साइबर फ्रॉड से बचाव व जागरूकता का सेमिनार आयोजित






01 मई 2024 – पीएंडपी इंफोटेक और डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS) के माध्यम से इंदौर पुलिस क्राइम ब्रांच के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर श्री राजेश दंडोतिया सर की मुख्य उपस्थिति मे साइबर सुरक्षा जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमे उन्होंने सभी को साइबर क्राइम, साइबर फ्रॉड के प्रकार व उसके बदलते तरीको के बारे मे जानकारी देते हुए इससे बचने के उपाय बताये ।

## (124) राज्यसभा सांसद का अभिनन्दन

05 मई 2024 – बालयोगी संत श्री उमेशनाथ जी महाराज को राज्यसभा सांसद मनोनित होने पर संस्था संघमित्र द्वारा आयोजित नागरिक अभिनन्दन समारोह में डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS) द्वारा सांसद महोदय को अभिनन्दन पत्र सौप कर बधाई दी गई ।



# (125) ''नशे को मारो पंच, पाओ सम्मान भरा मंच''
## नशा मुक्ति अभियान









20 जून 2024 – जनसेवा नगर में डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS) के माध्यम से इंदौर नारकोटिक्स पुलिस विभाग द्वारा नशा मुक्ति जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे एडिशनल एसपी श्रीमती हेमलता अग्रवाल मैडम, निरीक्षक (टीआई) श्रीमती राधा जामोद मैडम और उप निरीक्षक श्री अजय शर्मा सर ने उपस्थित लोगो को नशे के प्रकार व उनके दुष्प्रभाव सहित इससे दूर रहने के तरीके व नशे के खिलाफ शिकायत करने के लिए पुलिस व सरकार के हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी भी साझा की ।

उक्त आयोजन मे वरिष्ठ समाजसेवी आदरणीय कैलाश इंगले जी का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ । उक्त अवसर पर एडिशनल एसपी मैडम, टीआई मैडम, सब इंस्पेक्टर सर द्वारा डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया गया । उक्त अवसर पर समिति द्वारा एडिशनल एसपी मैडम व टीआई मैडम को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया ।



## (126) पंचशील रंगमय होकर किया पौधारोपण

30 जुन 2024 – डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS) के फेसबुक पेज पर एक हजार प्लस फॉलोवर होने की खुशी मे रविवार को गीता भवन चौराहा स्थित डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर केक काटकर पौधारोपण किया गया ।

## (127) ''हत्या'' शब्द हटाने की मांग, इंदौर सांसद को दिया ज्ञापन

15 जुलाई 2024 – देश में लगे आपातकाल अवधि से प्रभावित लोगो को श्रद्धांजलि देने हेतु केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया गया है । संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाने की मांग को लेकर डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति द्वारा सांसद शंकर लालवानी जी को प्रधानमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया । सांसद महोदय से चर्चा करते हुए समिति के सदस्यों का कहना





था की भारत का संविधान जीवित है और देश में सबके बीच मौजूद है । इसलिए तर्क व तकनीकी तौर पर संविधान हत्या दिवस में ''हत्या'' शब्द सही नहीं है । समिति आपातकाल का समर्थन नही करती अपितु संविधान के सम्मान व तर्क व तकनीकी तौर पर नाम रखने की मांग करती है । इंदौर संभागायुक्त कार्यालय पर भी प्रधानमंत्री महोदय और राष्ट्रपति महोदया के नाम डिप्टी कमिश्नर शैली कनास जी को ज्ञापन सौंपा गया ।




## (128) संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाने के लिए बनाई मानव श्रंखला

28 जुलाई 2024 – देश में लगे आपातकाल अवधि से प्रभावित लोगो को श्रद्धांजलि देने हेतु केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया गया है । संविधान हत्या दिवस से ''हत्या'' शब्द हटाने की मांग को लेकर डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS) द्वारा इंदौर के गीता भवन चौराहा स्थित डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर भारी

बारिश में डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति के नेतृत्व में मानव श्रंखला बनाई गई । उनका कहना है की भारत का संविधान जीवित है और देश में सबके बीच मौजूद है । इसलिए तर्क व तकनिकी तौर पर संविधान हत्या दिवस में हत्या शब्द सही नहीं है । कार्यक्रम में सरकार तक सन्देश पहुंचाने हेतु प्रतिकात्मक रूप से शांति व सन्देश का प्रतीक कबूतर भी उड़ाया गया । मानव श्रंखला में सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर राहुल मेटांगे, भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट, भारत निम्बाड़कर, लक्की पिसे, लोकेश इन्द्रे, विनोद ठाकरे, राज सावनेर, मार्शल योगेश भवते, मार्शल तिथि रामटेके, दीक्षा भवते, कैलाश मोटघरे, उमेश लोदवाल, रविंद्र गुरुचल, गौतम खण्डेराव, कुणाल वाकोड़े, प्रकाश निकड़े, मुकुल वाघ सुधाकर वाघ, आनंद वाघ, रणजीत गोहर, लीलाधर वर्मा, राकेश बंदावड़े, कृष्ण कुमार जाटवा, जितेंद्र ठाकरे, राहुल जाधव, अनिल इंगले, प्रकाश वाकोड़े, विकास भीमके, राजेश भालेकर, हेमंत वासनिक, संतोष गवांदे, सुरेश वानखेड़े, विनोद तुरुकमाने, डॉ. नयन इंगले, डॉ. जयभान सिंह पवय्या, रोशन वानखेड़े, शंकर वाकोड़े, डॉ. समरथ मचार, रणजीत डागर, निर्मल रोकड़े, शुभम बिल्लोरे, अमित मेश्राम, प्रभाकर बोरकर, पाण्डु सुरवाड़े, दिलीप वासनिक, देवांशु नागदीवे, धरम जी, प्रभाकर मोहद सहित अन्य अम्बेडकर अनुयायी मौजूद थे ।










## (129) इंदौर से महू तक निकाली "संविधान अमर है" पदयात्रा

11 अगस्त 2024 – देश में लगे आपातकाल अवधि से प्रभावित लोगो को श्रद्धांजलि देने हेतु केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया गया है । संविधान हत्या दिवस से हत्या शब्द हटाने की मांग को लेकर डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति द्वारा भीम नगर इंदौर से डॉ. अम्बेडकर जन्मभूमि स्मारक महू तक 18 कि.मी. की संविधान अमर है पदयात्रा निकालकर एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा जी को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा । पदयात्रा में भीमराव सरदार जी, रघुवीर मरमट जी, भारत निम्बाड़कर जी, योगेश भवते जी, शुभम रायपुरे जी, अमित मेश्राम जी, अंकुश गवांदे जी, अमित मेश्राम जी, निम्बाजी वाकोड़े जी, आनंद सालवे जी, आनंद वाघ जी, अनिल इंगले जी, संघपाल इंगले जी, योगेंद्र गवांदे जी समंदर जी, भारत जाधव जी, राहुल मेटांगे जी, प्रतिभा मेटांगे जी, अर्चना मेटांगे जी विक्रम मेटांगे जी, प्रकाश वानखेड़े जी कुणाल वाकोड़े जी, प्रकाश निकडे जी मनोज घरडे जी, बालकृष्ण गजभिये जी सुभाष पांतावने जी सहित अन्य अम्बेडकर अनुयायी मौजूद थे ।

# (130) इंदौर सेंट्रल जेल में बंदियों को दिए तथागत गौतम बुध्द के उपदेश











06 नवम्बर 2024 – इन्दौर केन्द्रीय जेल के समस्त बंदी अपना आगामी जीवन सदमार्ग पर बिताए इस उद्देश्य से डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति के माध्यम से जेल परिसर में उज्जैन से पधारें बौध्द भंते धम्म किरण व भदंत धम्म बोधि द्वारा तथागत गौतम बुध्द के शांति, अहिंसा, करुणा से ओत–प्रोत उपदेश दिए गए । दोनों भंते ने बंदियों को प्राणी हिंसा नहीं करना, चोरी नही करना, कामवासना व्यभिचार से दूर रहना, झूठ नही बोलने और नशे से दूर रहने की सीख देते हुए बताया की यह तथागत बुद्ध के पंचशील सिद्धांत है । जिसका पालन करने से कई दुःखो को दूर किया जा सकता है । मन में अच्छे विचार लाने व अच्छे कर्म करने व स्वयं को जानने के लिए ध्यान साधना को अपनाना चाहिए । तथागत बुध्द के उपदेश इतने प्रभावशाली है कि उसे सुनकर डाकू अंगुलीमाल भी हथियार व अपराध छोड़कर बुध्द की शरण में चला गया । उस काल से लेकर आज तक कई आम व खास लोगो ने तथागत बुध्द के मार्ग को अपनाया है । किसी जेल में इस तरह बंदियों को पहली बार तथागत बुध्द के उपदेश दिए गए । बड़ी संख्या में बंदियों ने उपदेश को ध्यान से सुना । उपदेश के पश्चात समिति द्वारा जेल अधीक्षक अलका सोनकर व जेल उप अधीक्षक संतोष लढ़िया को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया गया । व भंते धम्म किरण व भदंत धम्म बोधि को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की शुरवात तथागत बुध्द की प्रतिमा पर पुष्पार्पण दिप प्रज्जवलन व त्रिशरण–पंचशील की गाथा से की गई ।

# (131) जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की





26 नवम्बर 2024 – 75वें भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति ने इंदौर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा वैश्य मैडम को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट की । समिति के पदाधिकारियों ने शिक्षा अधिकारी महोदया से आग्रह किया की 22 जनवरी 2020 को मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों मे साप्ताहिक रूप से संविधान उद्देशिका के वाचन के आदेश के पालन हेतु जिला स्तर पर एक रिमाइंडर आदेश जारी कर इसका पालन सुनिश्चित किया जाए । शिक्षा अधिकारी महोदया ने इस सम्बन्ध मे रिमाइंडर आदेश जारी करने की बात कही । इसके पश्चात् शाम को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर समिति द्वारा 75 मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर संविधान उद्देशिका का वाचन भी किया गया ।



## (132) झोन क्रं. 11 पर स्मरण पत्र दिया व बॉउंड्रीवाल तोड़ने की चर्चा

01–02 दिसंबर 2024 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर गीता भवन, ए.बी. रोड़ चौराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर रंग रोगन साफ–सफाई, विद्युत सुधार सहित अन्य तैयारी करने हेतु संबंधित झोन क्रं. 11 पर झोनल अधिकारी के नामें स्मरण पत्र सौंपा । साथ ही झोनल अधिकारी महोदय से साँची द्वार लगाने हेतु उक्त स्थल की बॉउंड्रीवाल तोड़ने की चर्चा की । 05 दिसम्बर 2024 को उपरोक्त कार्यो को मूर्त रुप दिया गया ।

## (133) साँची द्वार लगाने हेतु तैयारी

03–05 दिसंबर 2024 – डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर लगाए जाने वाली साँची द्वार की प्रतिकृति हेतु बॉउंड्रीवाल को तोड़कर अगले दिन पोल कॉन्क्रीट का काम किया गया । तथा 5 तारीख की आधी रात में द्वार को खड़ा किया गया। तथा द्वार की फिनिशिंग का कार्य किया गया। उक्त अवसर पर समिति के साथियो सहित निष्ठावान कार्यकर्ता मौजूद रहे।










# (134) आयरन वेस्ट से बनी साँची द्वार की प्रतिकृति का लोकार्पण



06 दिसंबर 2024 – डॉ. बाबा साहब आंबेडकर जी के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर गीता भवन चौराहा डॉ. आंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर इंदौर नगर निगम द्वारा वेस्ट टू आर्ट के तहत लगभग एक टन के लोहे के कबाड़ से प्रवेश द्वार के रूप में निर्मित साँची स्तूप द्वार की प्रतिकृति का लोकार्पण इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी द्वारा विधायक (विधानसभा 5) श्री महेंद्र हार्डिया जी व एमआईसी सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया जी की मौजूदगी में किया गया। द्वार के लोकार्पण के पश्चात् समिति ने महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव जी को ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया। उक्त लोकार्पण अवसर पर समिति के सभी सदस्य भी मौजूद थे।





साथ ही समिति ने साँची द्वार को बनाने वाले कलाकार उज्ज्वल सिंह सोलंकी जी, लोकेश सिंह राठौड़ जी, तथा अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा जी, झोन 11 के झोनल अधिकारी श्री गीतेश तिवारी जी, उपयंत्री यातायात सुश्री मनीषा राणा जी व श्री देवेंद्र तंवर जी को भी ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया ।





















Dr. Bhimrao Ambedkar ji
(14 April 1891 - 06 December 1956)
B.A., M.A., M.Sc., D.Sc., P.H.D., L.L.D., D.Litt., Barrister - at - Law

# - अभियान -

# ‘‘हर घर, हर दफ्तर
## डॉ. बी.आर. अम्बेडकर’’



**इंदौर शहर में शासकीय-प्रशासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं शहर के राजनेताओं एवं अन्य सेवाभावी लोगो को डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की तस्वीर भेंट करने अभियान वर्ष 2016 से प्रारंभ किया गया। जो की निरंतर जारी है।**



**(1)** 24.08.2016 श्री सज्जनसिंह वर्मा जी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव



**(2)** 06.12.2016 नेत्र परिक्षण शिविर के लिए आयी विनायक नेत्रालय के डॉक्टर्स की टीम



**(3)** 17.02.2016 प्रेमराज अनाथालय सेवा संस्थान की संचालिका महोदया लोट मैडम



**(4)** 02.03.2017 श्री पी. नरहरी जी इंदौर जिला कलेक्टर



**(5)** 08.03.2017 श्रीमती मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ जी मैडम (महापौर व क्षेत्र क्रमांक 4 की विधायक)



**(6)** 05.03.2017 जुबेर खान जी, कार्यपालन यंत्री
पावर हाउस साउथ जोन, इंदौर



**(7)** 12.04.2017 विमल कुमार मकवाना जी
क्षेत्रिय अधिकारी पश्चिम रेल्वे, इंदौर



**(8)** 12.04.2017 श्री बिपिन ब्यौहार जी
अध्यक्ष– म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर



**(9)** 12.04.2017 श्री हरिनारायणचारी मिश्र जी
डी.आई.जी. इन्दौर पुलिस



**(10)** 13.04.2017 श्री संजय दुबे जी
संभागायुक्त महोदय, इंदौर संभाग



**(11)** 19.04.2017 श्री दीपक जैन
पार्षद वार्ड कं. 06



**(12)** 28.04.2017 श्री दीपक पांडेय
स्टेशन मास्टर, राजेन्द्र नगर रेल्वे स्टेशन, इंदौर



**(13)** 05.05.2017 श्री मनीष सिंह जी
निगमायुक्त, इंदौर



**(14)** 15.05.2017 श्री अजय मेहरा जी,
पीएफ आयुक्त, इन्दौर



**(15)** 26.05.2017 श्री राजेश चेलावत जी
संपादक अग्निबाण समाचार पत्र



**(16)** 16.06.2017 श्री आर.पी. वर्मा जी
मनरेगा लोकपाल, इंदौर संभाग



**(17)** 23.06.2017 श्री निशांत वरवड़े जी
इंदौर जिला कलेक्टर



**(18)** 02.07.2017 श्री महेश मूंगड़ जी
संपादक सिटी ब्लास्ट समाचार पत्र



**(19)** 21.07.2017 श्री कुंवरलाल वरकड़े जी
थाना प्रभारी, इंदौर रेल्वे पुलिस



**(20)** 30.08.2017 श्री पी.के.लहरे जी,
अधिक्षक प्रधान डाक विभाग, इन्दौर



**(21)** 30..12.2017 श्रीमती मीनू वाजपेयी मैडम
प्रधानाचार्य, शा.कन्या. विद्यालय, इन्दौर



**(22)** 24.01.2018 श्री लालसिंह आर्य जी
आ.जा. कल्याण मंत्री मध्यप्रदेश शासन



**(23)** 03.02.2018 श्री मनीष पिपले जी
सामाजिक कार्यकर्ता



**(24)** 03.05.2018 श्री शौभित जैन जी
श्रमायुक्त, इन्दौर



**(25)** 13.05.2018 श्री शिवराज सिंह चौहान जी
मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन



**(26)** 23.07.2018 श्री सूरज कैरो जी पार्षद
वा.क्रं. 45 एवं प्रदेश अध्यक्ष अनु.सू.जाति मोर्चा म.प्र.



**(27)** 26.11.2018 श्री मनोज खोपकर जी
प्रधानार्चा शा. नूतन. विद्यालय, इन्दौर



**(28)** 02.01.2019 श्री लोकेश कुमार जाटव जी
इंदौर जिला कलेक्टर



**(29)** 14.10.2019 श्री विनोद राठौर जी
लेखाधिकारी संभागायुक्त कार्यालय, इन्दौर



**(30)** 06.12.2019 श्री डॉ. रामू ठाकुर जी
प्रभारी, ब्लड बैंक एम.वाय. अस्पताल इन्दौर



**(31)** 16.12.2019 श्री शांतिलाल यादव जी
झोनल अधिकारी झो.क्रं. 09, इंदौर नगर निगम



**(32)** 04.01.2020 श्रीमती कविता खोवाल जी
पार्षद वार्ड क्रमांक 47, इन्दौर



**(33)** 15.01.2020 श्री आर.के. चेलानी जी
प्रधानार्चा शा. कन्या. उ.मा. विद्यालय, इन्दौर




**(34)** 17.02.2020 दशरथ सेवाश्रम, इंदौर



**(35)** 28.07.2020 छात्रा कु. भारती खांडेकर, इन्दौर



**(36)** 08.02.2021 श्री राकेश अखंड जी
सिटी इंजीनियर, इन्दौर नगर निगम विद्युत विभाग



**(37)** 08.02.2021 श्री अरविन्द तिवारी जी
एसपी मुख्यालय, इन्दौर पुलिस विभाग



**(38)** 08.02.2021 श्रीमती सविता चौधरी जी
थाना प्रभारी, रावजी बाजार थाना, इन्दौर



**(39)** 31.03.2021 श्री शंकर लालवानी जी
सांसद महोदय, इन्दौर



**(40)** 26.10.2021 श्री सोनू सूद जी
फिल्म अभिनेता



**(41)** 21.11.2021 श्री गगन मलिक
फिल्म व टीवी अभिनेता




**(42)** 13.04.2022 श्री ऋषिराज ठाकुर जी
कार्यालय सहायक यंत्री विद्युत विभाग नवलक्खा झोन इन्दौर



**(43)** 14.04.2022 श्री सोनू व्यास जी
संचालक, स्व. श्री अमरजीतसिंह सूदन सेवाश्रम



**(44)** 22.05.2022 श्री चन्द्रशेखर आजाद जी
संस्थापक भीम आर्मी, आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)



**(45)** 23.06.2022 श्रीमती एकता मनीष वर्मा जी
कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रं. 61



**(46)** 26.06.2022 श्री संतोष कल्याणे जी
इन्दौर महपौर प्रत्याशी आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)



**(47)** 08.09.2022 श्री दिलीप अनवेकर जी
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखण्ड, इन्दौर




**(48)** 26.11.2022 श्रीमती लिली डावर जी
ग्रंथपाल शा. अहिल्या केन्द्रिय पुस्तकालय, इन्दौर




**(49)** 26.01.2023 श्री जितेंद्र सिंह – एसपी
राज्य साइबर सेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय, इंदौर



**(50)** 14.04.2023 श्री महापौर पुष्यमित्र भार्गव जी
महापौर, इन्दौर नगर पालिक निगम



**(51)** 11.08.2024 श्री चरणजीतसिंह हुड्‌डा जी
एसडीएम, डॉ. अम्बेडकर नगर, महू जि. इंदौर



**(52)** 26.11.2024 श्रीमती सुषमा वैश्य जी
जिला शिक्षा अधिकारी, इन्दौर

# ज़रा हटके -एक मुलाकात प्रसिध्द विशिष्ट शख्सियत से




(1) 05.07.2017 मा. प्रकाश अम्बेडकर जी
पूर्व सांसद एवं डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के पौत्र



(2) 03.09.2017 श्री अखिलेन्द्र मिश्र जी
बॉलीवुड एवं टीवी अभिनेता



(3) 12.09.2017 श्री शेखर रवजियानी जी
बॉलीवुड संगीत निर्देशक एवं गायक



(4) 01.03.2018 श्री नितिश भारद्वाज जी
बॉलीवुड एवं टीवी अभिनेता




(5) 31.05.2019 श्री विजेन्द्र घाटगे जी
बॉलीवुड एवं टीवी अभिनेता



(6) 23.11.2019 मा. राजरत्न अम्बेडकर
डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के परपौत्र



**(7)** 14.04.2022 श्रीमती मेधा पाटकर जी – सामाजिक कार्यकर्ता, संस्थापक – नर्मदा बचाओं अभियान




**(8)** 14.04.2022 श्री चन्द्रबोधि पाटिल जी राष्ट्रीय अध्यक्ष – भारतीय बौध्द महासभा




**(9)** 24.06.2022 श्री वरुण कपूर जी एडीजीपी, मध्यप्रदेश पुलिस



**(10)** 14.01.2024 श्री राजा बुंदेला जी फिल्म व टीवी कलाकार व राजनेता



**(11)** 06.03.2024 श्री सुशील जौहरी जी फिल्म व टीवी कलाकार व थिएटर दिग्दर्शक




**(12)** 21.06.2024 श्रीमती चेतना जोशी तिवारी जी मिसेज़ इंडिया, इंक 2023 अंतरराष्ट्रीय योग प्रशिक्षक

# डॉ. बाबा साहब आंबेडकर जी के कुछ विचार

▶ महान प्रयासों को छोड़कर इस दुनिया में कुछ भी बहुमूल्य नहीं है।

▶ किसी भी समाज का उत्थान उस समाज में शिक्षा की प्रगति पर निर्भर करता है।

▶ मैं किसी समाज की प्रगति को उस समाज की महिलाओं की प्रगति से मापता हूं।

▶ हम प्रथमतया और अंतःतया भारतीय हैं ।

▶ संविधान, यह एक मात्र वकीलों का दस्तावेज नहीं, यह जीवन का एक माध्यम है ।

▶ न्याय हमेशा समानता के विचार को पैदा करता है ।

▶ पति–पत्नी के बीच का सम्बन्ध किसी गहरे मित्र के सम्बन्ध के समान होने चाहिए ।

▶ शिक्षा शेरनी का वह दूध है जिसे जो पिएगा वह दहाड़ेगा ।

▶ शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करों ।

▶ असली शिक्षा हमें भयभीत करने की जगह तार्किक बनाएगी ।

▶ भाग्य में विश्वास रखने के बजाए अपनी शक्ति और कर्म में विश्वास रखना चाहिए ।

▶ एक महान व्यक्ति एक प्रतिष्ठित व्यक्ति से इस तरह से अलग होता है कि वह समाज का सेवक बनने के लिए तैयार रहता है ।

▶ कानून और व्यवस्था राजनीतिक शरीर की दवा है और जब राजनीतिक शरीर बीमार पड़े तो दवा जरूर दी जानी चाहिए ।

▶ स्वच्छ रहना सीखें और सभी दुर्गुणों से मुक्त रहें। अपने बच्चों को शिक्षित करें। उनके मन में धीरे–धीरे महत्वाकांक्षा जगाएं। उन्हें विश्वास दिलाएं कि वे महान व्यक्ति बनने जा रहे हैं। उनके अंदर की हीनता को नष्ट करें। उनकी शादी करने में जल्दबाजी न करें।

▶ एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नही है, बल्कि इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है ।

▶ सफलता कभी भी पक्की नही होती है, और असफलता भी कभी अंतिम नही होती है, इसलिए अपनी कोशिश को तब तक जारी रखो, तब तक आपकी जीत इतिहास ना बन जाए।

# प्राप्त सम्मान



**(01)** 15.05.2016 **शील्ड से सम्मान**
बुध्द जयंती के अवसर पर संस्था बौध्द समाज युवा शक्ति द्वारा



**(02)** 18.12.2016 **प्रशस्ति पत्र** — सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय नई दिल्ली व म.प्र. ओ बी.सी.मोर्चा, म.प्र.एस.टी.एस.सी. युनाइटेड फ्रंट द्वारा



**(03)** 14.04.2017 **प्रशस्ति पत्र**
भीम शक्ति युवा संगठन द्वारा




**(04)** 16.04.2017 **समाज रत्न अवार्ड** — सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय नई दिल्ली व म.प्र. ओ बी.सी.मोर्चा, म.प्र.एस.टी.एस.सी. युनाइटेड फ्रंट द्वारा




**(05)** 17.12.2017 **अभिनन्दन पत्र** — गोलमेज पंचायत कार्यक्रम में सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय मध्यप्रदेश व म.प्र. ओ बी.सी. मोर्चा, म.प्र.एस.टी.एस.सी. युनाइटेड फ्रंट द्वारा




**(06)** 22.01.2018 **अभिनन्दन पत्र** — जाति जोड़ो समरसता सम्मेलन में सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय मध्यप्रदेश व म.प्र. ओ बी.सी. मोर्चा, म.प्र.एस.टी.एस.सी. युनाइटेड फ्रंट द्वारा



**(07)** 13.04.2018 **बुद्ध और उनका धम्म पुस्तक** से सम्मानित – भीम शक्ति युवा संगठन



**(08)** 01.05.2018 **अभिनन्दन पत्र**
बुद्ध जगत साप्ताहिक समाचार पत्र द्वारा



**(09)** 27.05.2018 **मालव रत्न अवार्ड**
माँ अहिल्या देवी की जयंती पर प्रेस क्लब में राष्ट्रीय मासिक पत्रिका इन्दौर धारा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में..... उक्त सम्मान माता–पिता के हाथो से प्राप्त किया ।



**(10)** 06.12.2019 **प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह**
एम.वाय. अस्पताल, ब्लड बैंक, इन्दौर द्वारा



**(11)** 04.01.2020 बैरवा महोत्सव मेले में अखिल भारतीय बैरवा महासभा द्वारा



**(12)** 17.02.2020 **स्मृति चिन्ह**
दशरथ सेवाश्रम (वृद्धाश्रम), इन्दौर द्वारा



**(13)** 06.12.2020 **प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह**
एम.वाय. अस्पताल, ब्लड बैंक, इन्दौर द्वारा



**(14)** 28.03.2021 – **प्रशस्ति पत्र**
संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की जयंती पर इंदौर मेवाड़ा मोची (जटिया) समाज  कल्याण संघ द्वारा




**(15)** 21.11.2021 **प्रशस्ति पत्र**
संस्था नमो नमः जनसेवा समिति, इन्दौर द्वारा



**(16)** 06.12.2021 **प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह**
एम.वाय. अस्पताल, ब्लड बैंक, इन्दौर द्वारा



**(17)** 14.04.2022 **प्रशस्ति पत्र**
स्टेट ऑफ आर्ट, मॉडल ब्लड सेंटर एम. वाय. हॉस्पिटल, एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज, इंदौर द्वारा



**(18)** 25.12.2021 **शॉल, साफा, श्रीफल से सम्मान**
संत श्री बालीनाथ जी महाराज प्रतिमा स्थापना समिति द्वारा




**(19)** 22.04.2022 **प्रशस्ति पत्र** – सत्यशोधक समाज अंतरराष्ट्रीय नई दिल्ली द्वारा




**(20)** 7 अक्टूबर 2022 – नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हेतु पुरुस्कृत एवं सम्मानित




**(21)** 06 दिसंबर 2022 – रक्तदान शिविर लगाये जाने पर एम.वाय. अस्पताल, ब्लड बैंक द्वारा सम्मानित



**(22)** 13.04.2023 **प्रशस्ति पत्र**
भीम शक्ति युवा संगठन, इन्दौर द्वारा



**(23)** 14.04.2023 **प्रशस्ति पत्र**
श्री गीता रामेश्वरम् पारमार्थिक संस्था, इन्दौर द्वारा



**(24)** 18.04.2023 **तथागत बुध्द प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र**
गगन मलिक फाउंडेशन व भा.बौ.म.सभा, इन्दौर द्वारा



**(25)** 06.12.2023 **प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह**
एम.वाय. अस्पताल, ब्लड बैंक, इन्दौर द्वारा





06.12.2024 **सॉची द्वार के लोकापर्ण** के पश्चात् **डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति** के सदस्यों को **चैतस महाबोधि संस्थान** के सदस्यों द्वारा ससम्मान पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी गई ।

# धन्यवाद

# डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति (DAYS)

इन्दौर (म.प्र.)

Dr. Ambedkar Yug Seva Samiti

DAYS

LET'S DO SOCIAL WORK WITH UNIQUE IDEAS

## सफर

**अभी थमा नही है कामों का**
**अभी तो बहुत कुछ करना बाकी है,**
**कि चलना ही सीखा है अभी हमनें**
**अभी तो छलांग लगाना बाकी है.....**

सोशल मीडिया संस्करण व अधिक जानकारी के लिए कृपया लिंक पर जाए।

drambedkaryugsevasamiti.com

mdrmcreativity.blogspot.com

dr.ambedkaryugsevasamitidays

murlidharmetange